
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ए वतन मेरे वतन में दिखा अनदेखा....... | मनीषा ने जीता .......

वर्ष : 10 | अंक : 84 | लखनऊ, 03 मार्च, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 18.c
न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**
सोना 5848/ g
चांदी 75.50/ g
सेंसेक्स 72,085.63
निफ्टी 21,853.80

# सच्चा सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं संतुष्टिकरण से आता है : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के बेगुसराय में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले ऐसे आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में होते थे, लेकिन आज मोदी ने दिल्ली को बेगुसराय ला दिया है... करीब 30 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं सिर्फ बिहार के लिए हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां से बिहार सहित, पूरे देश के लिए 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। एक ही कार्यक्रम में सरकार का इतना बड़ा निवेश ये दिखाता है कि भारत का सामर्थ्य कितना बढ़ रहा है। इससे बिहार के नौजवानों को यहीं पर नौकरी के अनेकों नए अवसर बनेंगे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के ये प्रोजेक्ट, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का माध्यम बनेंगे। आज की ये परियोजनाएं बिहार में सुविधा और समृद्धि का रास्ता बनाएंगी। ऐसे ही काम हैं, जिसके कारण आज देश पूरे विश्वास से कह रहा है- अबकी बार... 400 पार। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह रहा है, जब-जब बिहार और ये पूर्वी भारत समृद्ध रहा है, तब-तब भारत भी सशक्त रहा है। जब बिहार में स्थितियां खराब हुईं, तो देश पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ा। इसलिए मैं बेगुसराय से पूरे बिहार की जनता को कहता हूं- बिहार विकसित होगा, तो देश भी विकसित होगा। ये वादा नहीं है- मिशन है, संकल्प है।

मोदी ने कहा कि पुरानी सरकारों की बेरुखी के कारण बरौनी, सिंदरी, गोरखपुर, रामागुंडम के खाद कारखाने बंद पड़ गए थे। आज ये सारे कारखाने यूरिया में भारत की आत्मनिर्भरता की शान बन रहे हैं। इसलिए तो देश कहता है- मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित और जनहित के लिए समर्पित मजबूत सरकार ऐसे ही फैसले लेती है। जब परिवारहित और वोटबैंक से बंधी सरकारें होती हैं, तो वो क्या करती हैं, ये बिहार ने भुगता है। मोदी ने कहा कि 2014 से पहले के 10 वर्षों में रेलवे के नाम पर, रेल के संसाधनों को कैसे लूटा गया, पूरा बिहार जानता है। लेकिन आज देखिए, पूरी दुनिया में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की चर्चा हो रही है। भारतीय रेल का तेजी से बिजलीकरण हो रहा है। हमारे रेलवे स्टेशन भी एयरपोर्ट की तरह सुविधाओं वाले बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार ने दशकों तक परिवारवाद का नुकसान देखा है, परिवारवाद का दंश सहा है। परिवारवाद और सामाजिक न्याय, ये एक दूसरे के घोर विरोधी हैं। परिवारवाद, विशेष रूप से नौजवानों का, प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि यही बिहार है, जिसके पास भारत रत्न कपूर्री ठाकुर जी की एक समृद्ध विरासत है। नीतीश जी के नेतृत्व में ठऊअ सरकार, यहां इसी विरासत को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सच्चा सामाजिक न्याय सैचुरेशन से आता है। सच्चा सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं संतुष्टिकरण से आता है।

# लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्लीः लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की सूची का पिछले कई दिनों से इंतजार किया जा रहा था। पिछले दिनों पार्टी कार्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की मैराथन बैठक हुई थी इस बैठक के बाद पहली सूची तैयार कर ली गई थी। यह सूची आज जारी कर दी गई है। इस सूची में कई मौजूदा सांसदों और मंत्रियों के टिकट कटे हैं। इसके साथ ही पार्टी ने कई नए चेहरों पर भी दांव खेला है। बता दें कि पीएम मोदी ने इन चुनावों में पार्टी की 370 से ज्यादा सीटों पर जीतने का लक्ष्य तय किया है। यह सूची इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर ही बनाई गई है।

## लिस्ट में 195 उम्मीदवारों का नाम शामिल

बीजेपी की तरफ से जारी की गई इस पहली सूची में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित राज्यों के 195 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसमें वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गांधी नगर से अमित शाह और लखनऊ से राजनाथ सिंह चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों का भी नाम शामिल है। इसके साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों का नाम इस लिस्ट में शामिल हैं। वहीं पहली सूची में 28 महिला उम्मीदवारों को नाम है। इसके साथ ही 50 से कम उम्र के 47 उम्मीदवारों का नाम ऐलान किया है।

बीजेपी की पहली सूची में उत्तर प्रदेश के 51, मध्य प्रदेश के 24, गुजरात के 15, राजस्थान के 15, कर्नाटक के 12, तेलंगाना के 09, असम के 11, झारखंड के 11, छत्तीसगढ़ के 11, दिल्ली के 5, जमू-कश्मीर के 2, उत्तराखंड के 3, अरुणाचल प्रदेश के 2, गोवा के 1, त्रिपुरा के 1, अंडमान निकोबार द्वीप समूह से 1 और दमन और द्वीव के 1 उम्मीदवार का ऐलान किया है।

## नई दिल्ली से ये होंगे उम्मीदवार

बीजेपी ने दिल्ली की सात सीटों में से पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज, चांदनी चौक सीट से प्रवीन खंडेलवाल, उत्तर पूर्वी से मनोज तिवारी और दक्षिणी दिल्ली रामवीर सिंह बिधूड़ी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए की जा रहीं राष्ट्र विरोधी बातें : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर राष्ट्र विरोधी बातें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया जा सकता क्योंकि देश का हित सबसे पहले है। वह मुख्य द्वार परिसर, ज्ञान संसाधन एवं डेटा केंद्र तथा केंद्रीय अध्ययन थिएटर भवनों का उद्घाटन करने के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धारवाड़ के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने आईआईटी धारवाड़ के संकाय सदस्यों और छात्रों को भारतीय संसद के नए भवन का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, ह्लमुझे दुख होता है और मैं परेशान हो जाता हूं जब तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए, देश के भीतर और बाहर की ताकतों द्वारा जानबूझकर राष्ट्र विरोधी बातें फैलाई जाती हैंङ्क हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना होगा, हमें अपने राष्ट्रवाद, अपने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विश्वास करना होगा जिससे किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

### केंद्रीय बलों की 100 कंपनी पश्चिम बंगाल पहुंची, 50 और कंपनी सात तक पहुंचेगी : निर्वाचन अधिकारी

निर्वाचन आयोग एक एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कम से कम 100 कंपनी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंची। उन्होंने बताया कि 50 और कंपनी के राज्य में सात मार्च तक पहुंचने की संभावना है। अधिकारी ने बताया, केंद्रीय बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वे मुख्य रूप से विश्वास-निर्माण उद्देश्यों के लिए यहां हैं। सात मार्च तक अन्य 50 कंपनियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया, शहर में सीएपीएफ की दस कंपनी तैनात की जाएंगी। उत्तर 24 परगना जिले में 21 औरदक्षिण 24 परगना में नौ कंपनी तैनात की जा रही हैं। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों की आठ कंपनी नादिया जिले में तैनात की जाएंगी जबकि नौ कंपनी हावड़ा और हुगली जिलों में तैनात की जाएंगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होने के बाद और केंद्रीय बल राज्य में आएंगे। एक कंपनी में औसतन 100 जवान होते हैं।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, एक अन्य घायल

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दो मोटरसाइकिल में टक्कर होने से उनमें सवार चार लोगों की मौत हो गई है तथा एक अन्य घायल हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तुमला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंझियाडीह गांव के समीप शुक्रवार शाम को यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि पांच युवक दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पास ही के गांव जा रहे थे।

# अककटर की तर्ज पर बनेगा 700 बिस्तर का अस्पताल

## जिम्स को मिली 56 एकड़ जमीन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** जनपद गौतम बुद्ध नगर में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के परिसर में 700 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण कार्य इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है। प्राधिकारियों ने बताया कि अस्पताल प्रशासन को इसके लिए 56 एकड़ जमीन मिल गयी है। जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 700 बिस्तर का अस्पताल व मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है। उन्होंने बताया कि करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अस्पताल की इमारत का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन मिलने के बाद जिम्स में एक पुस्तकालय, हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, संकाय सदस्यों के लिए रहने की व्यवस्था, गहन चिकित्सा इकाई, पैरामेडिकल कॉलेज आदि की सुविधा मिलेगी। पहले चरण में गहन चिकित्सा इकाई और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। यह अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तर्ज पर बनाया जा रहा है।

# गृह मंत्रालय, त्रिपुरा और टीआईपीआरए मोथा के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

## आज का दिन ऐतिहासिक, गलतियों को सुधारा : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्रालय, त्रिपुरा सरकार और स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन (टीआईपीआरए मोथा) ने आदिवासी समस्याओं के समाधान के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में इस सौदे पर हस्ताक्षर किए गए। गृह मंत्री अमित शाह ने सौदे के महत्व पर प्रकाश डाला, पिछली गलतियों को स्वीकार करने और उज्जवल भविष्य के लिए रास्ता खोलने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

इसे त्रिपुरा के लिए ₹ऐतिहासिक दिन₹ बताते हुए, अमित शाह ने कहाः इस समझौते के साथ, हमने इतिहास का सम्मान किया है, गलतियों को सुधारा है और वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार करके भविष्य के लिए एक कदम उठाया है। कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हम पिछली गलतियों से सीख सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। शाह ने कहा कि आज त्रिपुरा के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज इस समझौते से हमने इतिहास का सम्मान किया है, गलतियों को सुधारा है और आज की वास्तविकता को स्वीकार कर भविष्य की ओर देखा है। इतिहास जो है उसे कोई नहीं बदल सकता, उसमें जो गलतियां हुई हैं उनसे सीख लेकर और आज की वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर हम निश्चित रूप से आगे बढ़ सकते हैं और मुझे खुशी है कि टिपरा मोथा, सभी आदिवासी दल और सभी संगठन इसके लिए बहुत ही रचनात्मक भूमिका निभाई है।

अमित शाह ने कहा कि बीजेपी की त्रिपुरा सरकार ने भी इसके लिए शुरू से प्रयास किए, सीएम माणिक साहा ने भी गहनता से बारीकियों का अध्ययन कर उसे अंजाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारत सरकार, त्रिपुरा राज्य सरकार और टीआईपीआरए मोथा के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर, द इंडिजिनस प्रोग्रेसिव रीजनल अलायंस (टीआईपीआरए) मोथा पार्टी के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मा प्रमुख ने कहा कि आज एक समझौता हुआ है। यह एक ऐतिहासिक समझौता है। मुझे खुशी है कि भारत सरकार ने अतीत की गलतियों को स्वीकार किया है और मूल लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर है... सरकार ने हमें आश्वासन दिया है कि हमारी भाषा, अर्थशास्त्र, राजनीतिक आकांक्षाएं और हमारा सांस्कृतिक इतिहास महत्व दिया जाए.... मैं अपने लोगों को बताना चाहता हूं कि हर कोई हमारे साथ रहा है।

# तमिलनाडु में 180 करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन जब्त, दो लोग हिरासत में

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



तमिलनाडु में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै में एक रेल यात्री और चेन्नई में एक डंपयार्ड से कुल 36 किलोग्राम मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन बरामद किया। डीआरआई ने इस सिलसिले में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। डीआरआई के मुताबिक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से चलाए गए अभियान में मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक यात्री से 30 किलोग्राम और चेन्नई में कोडुंगैयूर डंपयार्ड से छह किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 180 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस सिलसिले में एक दंपति को हिरासत में लिया गया है। डीआरआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मेथामफेटामाइन को आइस या क्रिस्टल मेथ के रूप में भी जाना जाता है, यह एक अत्यधिक नशे की लत वाली साइकोस्टिमुलेंट दवा है जो कोकीन के समान असर करती है, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो जाता है। एक गुप्त सूचना मिली थी कि 29 फरवरी को चेन्नई से मदुरै जाने वाली पोथिगई एक्सप्रेस ट्रेन का एक यात्री मादक पदार्थ ले जाएगा। इसपर कार्रवाई करते हुए डीआरआई चेन्नई जोन के अधिकारियों ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शुक्रवार सुबह जब ट्रेन अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची तो टीम ने यात्री की पहचान की और रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के अधिकारियों की मदद से उसे रोक लिया। उसके सामान की तलाशी में कुल 30 किलोग्राम वजन के 15 पैकेट मिले जिनमें सफेद रंग का क्रिस्टल पदार्थ था, जिसकी जांच करने पर पता चला कि वह मेथामफेटामाइन है। तस्करी का सामान तुरंत जब्त कर लिया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि चेन्नई में उसके घर पर कुछ और मेथामफेटामाइन के पैकेट रखे हैं।

# अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है।

पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है क्योंकि नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है।

किसी नागरिक की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर शीघ्रता से निर्णय न लेना और मामले को किसी न किसी पर टाल देने से व्यक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा ।ह्व पीठ ने कहा कि उसे बंबई उच्च न्यायालय में ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं जिनमें जमानत और अग्रिम जमानत आवेदनों पर शीघ्रता से फैसला नहीं किया जा रहा है।

# आने वाले वर्षों में होगा एक हजार से अधिक अमृत भारत ट्रेन का निर्माण : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नयी दिल्ली, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने एक विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है और आने वाले पांच वर्षों में देश द्वारा पहला निर्यात किये जाने की उम्मीद है।

नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे द्वारा की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल - चिनाब पुल - और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे पहली जल सुरंग रेल क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है। वैष्णव ने कहा, रेलवे का एक बड़ा सामाजिक दायित्व है। हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से हर दिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपये है, तो हम 45 रुपये लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं।

मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत डिजाइन किया है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिये केवल 454 रुपये के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है। वैष्णव ने कहा, वंदे भारत युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। व्यावहारिक रूप से, हर हफ्ते एक वंदे भारत को सेवा में शामिल किया जा रहा है। हम आने वाले कुछ वर्षों में कम से कम 400 से 500 ऐसी ट्रेन का निर्माण करेंगे।

# लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने छोड़ी राजनीति!

## जेपी नड्डा से किया अनुरोध, 'कर्तव्यों से जल्द मुक्त करें'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली, दिल्ली से भाजपा सांसद और पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें अपने राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि वह आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

### भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने छोड़ी राजनीति?

घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से दूर जाने के अपने फैसले की घोषणा की है। पूर्वी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व क्रिकेटर ने अपने अनुयायियों और समर्थकों के साथ खबर साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करने की इच्छा व्यक्त की, और उस खेल पर अपना ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता का हवाला दिया जो उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने से पहले पूरे जुनून के साथ खेला था।

गंभीर ने लिखा मैंने माननीय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से मुझे अपने राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मैं लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। जय हिंद।

पिछले साल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में एक साथी भाजपा विधायक के साथ कथित विवाद के बाद गंभीर राजनीतिक हलकों में चर्चा का केंद्र थे। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, यह घटना - जो नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के भाजपा के जश्न के हिस्से के रूप में आयोजित एक कार्यक्रम में हुई - ने पूर्व क्रिकेटर के सामान्य व्यवहार पर पार्टी के भीतर बेचैनी को फिर से जगा दिया।

भाजपा के एक वर्ग ने गंभीर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की थी, अतीत में उनके साथ जुड़े इसी तरह के प्रकरणों का हवाला देते हुए, दूसरे ने रेखांकित किया था कि उन्हें अब तक बिना सजा दिए जाने से, पार्टी ने उनके इस विश्वास को मजबूत किया होगा कि वह हर बार बच सकते हैं। जहां कुछ लोग गंभीर के रवैये और गुस्से के मुद्दों पर सवाल उठाते हैं, वहीं अन्य लोग उनके आचरण को बाहरी व्यक्ति बताते हैं।

गंभीर, मार्च 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे और तब से दिल्ली में पार्टी का एक प्रमुख चेहरा बन गए हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ा और 6,95,109 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। राजनीति छोड़ने का फैसला उन खबरों के बीच आया है कि गंभीर को आगामी 2024 चुनावों के लिए टिकट नहीं मिल सकता है।

# मंडलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। शनिवार को सरोजनीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर मंडला आयुक्त रोशन जैकब ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर जांच करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है या निस्तारण में लापरवाही बरती गई, तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भूमाफियाओं और अवैध कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही सरकारी जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में पिपरसण्ड गांव के



किसान बृजेश सिंह ने शिकायत की कि चकमार्ग पर जारी अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए लेखपाल अभिषेक गुप्ता को कई बार शिकायती पत्र दिए। लेकिन लेखपाल ने ध्यान नहीं दिया। किसान बृजेश की यह बात सुनकर नाराज मंडलायुक्त ने लेखपाल अभिषेक गुप्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही चकमार्ग को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले व भू माफियाओं और संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कठोर करवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए। वहीं शिकायतकर्ता मनोज कुमार की पट्टे की जमीन पर कुछ दबंग भूमाफियाओं और प्रधान प्रतिनिधि द्वारा किए गये अवैध कब्जे की शिकायत पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को जमीन की पैमाइश कराकर तत्काल उसे कब्जा मुक्त कराते हुए पीड़ित को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि पैमाईस संबंधित प्रकरणों में अनावश्यक रूप से विलंब करने और कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को सस्पेंड किया जाएगा। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में औरावां के विजय सिंह ने शिकायत की कि काफी दिनों से छुट्टा जानवर उसकी व अन्य किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। इसके बारे में कई बार बंथरा नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। किसान विजय की शिकायत सुनते ही एसडीएम फाल्गुनी सिंह भड़क गईं और उन्होंने वहां पर मौजूद बंथरा नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए दो दिनों के अंदर छुट्टा जानवरों को पकड़ने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस से संबंधित 8, राजस्व से संबंधित 57, विकास से संबंधित 2, समाज कल्याण की 1 और अन्य 22 शिकायतों सहित कुल 90 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से राजस्व विभाग की 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

# डीएम साहब! दिला दो न्याय काफी दिनों से न्याय के लिए भटक रहा हूं

**समाधान दिवस में 71 शिकायतों में 23 का हुआ निस्तारण**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** शनिवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी कुल 71 शिकायतें आयी जिसमें 23 प्रकरण का मौके पर निस्तारण हुआ।

समाधान दिवस पर एडवोकेट हंसराज गुप्ता ने दिए गए पत्र के माध्यम से बताया की धारा 24 के तहत शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करने की व्यवस्था मलिहाबाद में स्थित स्टेट बैंक में करने की मांग की। मलिहाबाद न्यायिक मामलों की सुनवाई लखनऊ कोर्ट के बजाये मलिहाबाद तहसील में नियमित संचालन किए जाने की मांग की। वहीं मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम शिवदासपुर निवासी सर्वेश कुमार ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि प्रार्थी खसरा संख्या 818.792 ग्राम फतेहनगर में स्थित उक्त भूमि भगवान देई से भाग से कृय किया था। उक्त गाटे की भूमि का विक्रय 4 वर्ष पूर्व भगवान देई ने लिया था। बयान लेने के पश्चात कैलाश पुत्र भगवान दीन की नियत बदल गई उसने कूटरचित दस्तावेज के जरिए धोखाधड़ी कर उक्त भूमि को सुरेंद्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी पवना कैथल हरियाणा व क्षेत्रीय लेखपाल गौरव सहित अन्य लोगो के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज/ भूखनन अनुबंध. 4जून 2023 में बनवाया और षडयंत्र रचकर मृत व्यक्ति भगवान दीन के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए पत्रावली बनवाई और अन्य मृत व्यक्ति श्रीपाल को मृतक होते हुए. वाद विचाराधीन होने के बावजूद मृतक श्रीपाल व भगवानदीन के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करके क्षेत्रीय लेखपाल ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह करके मिट्टी खनन की अनुमति करा कर मानक से विपरीत खनन करा दिया। पीड़ित ने डीएम से जान माल का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई. जिस पर जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। और फोन पर निस्तारण का फीडबैक लेते रहे। इस मौके पर अपर जिलाधकारी, तहसीलदार वंदना सिंह कुशवाहा, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनते – डीएम

## संक्षेप

### महिला ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी निर्मला ने यहीं रहने वाले नरेश की पत्नी और नरेश की बेटी के खिलाफ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निर्मला का कहना है कि उसका गांव में ही रहने वाले पवन यादव से जमीनी विवाद चल रहा है। निर्मला की माने तो 29 फरवरी को दोपहर 1 बजे वह अपने बेटे अरुण से फोन पर बात करते हुए उसे डांट रही थी। यह बात सुनकर पवन का चचेरे भाई नरेश की पत्नी ने पुरानी रंजिश को लेकर खुद को गाली देता समझ अपनी बेटी के साथ मिलकर पीड़िता की बेटी पल्लवी को घर के सामने घसीट कर मारने लगी। आरोप है कि इस दौरान उसने यह भी धमकी दी कि मकान खाली करके चली जाओ नहीं तो जान से मार दिया जाएगा। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस निर्मला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 5ली०देशी कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने शनिवार को पांच ली० अवैध देशी कच्ची शराब के एक युवक को पकड़ा ।पुलिस ने 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर युवक का चालान किया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया शनिवार को मऊ रेलवे क्रासिंग के पास प्लास्टिक की पिपिया में भरकर बेचने के लिये लायी गयी पांच ली० अवैध देशी कच्ची शराब के एक युवक को गिरफ्तार किया गया ।पुछताछ में युवक ने अपना नाम शिवम गौतम निवासी हसनखेड़ा थाना बंथरा बताया ।शराब के साथ पकड़े गये युवक के विरूद्ध 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया।

### जालसाजों ने महिला खाताधारक के खाते से उड़ाए हजारो रुपए

लखनऊ , कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला को साइबर जालसाजों ने एक महिला खाताधारक के खाते से पासवर्ड रीसेट करने के नाम पर हजारो रुपए ट्रांसफर कर लिए जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत कर कृष्णा नगर थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अमरूदही बाग सिंगारनगर निवासी नम्रता द्विवेदी पत्नी पियुष कुमार द्विवेदी का बैंक खाता एसबीआई बैंक आलमबाग शाखा में है बीते 18 फरवरी को बीए एएचडी आरसीसी से उन्हें मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें पासवर्ड रीसेट करने का विवरण दिया था जिसको रीसेट करते ही उनके बैंक खाते से 49,999 रुपए एक एक्सिस बैंक के खाते में ट्रासफर हो गये ।पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी करके मकान बेचने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।बिजनौर के शारदा नगर योजना निवासी विवेक कुमार राय ने शहनाज उर्फ इन्द्रा राय नामक अज्ञात महिला के अलावा ओमकार राय, तारिक हुसैन, आशिफ उर्फ बाबू, उन्नाव जिले के हफीजाबाद, सरोरी निवासी देवेंद्र कुमार और राजधानी लखनऊ स्थित बालागंज के बंशी विहार रोड, मरी माता मंदिर के पास रहने वाले रमेश चंद्रस्तोगी के खिलाफ फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी करके मकान बेचने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।विवेक का कहना है कि वह गाजीपुर के बलुआ ठप्पा निवासी अपनी सगी बहन अलका राय से पंजीकृत मुख्तारेआम प्राप्त कर उसका कार्यभार देखते हैं।विवेक का कहना है अलका राय के जेठ स्व. सुनील कुमार राय के नाम से एक मकान शारदा नगर योजना स्थित रजनी खंड में स्थित है। स्व. सुनील कुमार राय ने अपने जीवन काल में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपने छोटे भाई अनिल कुमार राय की पत्नी अलका राय के नाम पंजीकृत किया था। जिसके आधार पर स्व. सुनील की मृत्यु के बाद अलका राय के नाम वह प्लाट नगर निगम में दर्ज हो गया। आरोप है कि सहनाज नामक मुस्लिम महिला ने खुद को इन्द्रा राय बताते हुए अपने बेटे ओमकार राय के साथ मिलकर फर्जी आधार कार्ड और उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाया। बाद में 22 नवंबर 2023 को रमेश चन्द्र रस्तोगी की पत्नी लक्ष्मी रस्तोगी के नाम बेच दिया। आरोप है कि इस मिली भगत में देवेंद्र कुमार और सहनाज के बहनोई ताहिर हुसैन व आशिफ (बाबू) भी शामिल है। जिन्होंने अलका राय को नुकसान पहुंचाने के साथ ही धन उगाही करने के लिए दो फर्जी आधार कार्ड और 2 फर्जी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अलावा हिंदू व मुस्लिम नाम से फर्जी कूट रचित दस्तावेज लगाकर पीड़ित के साथ जालसाजी व धोखाधड़ी करने का काम किया है। फिलहाल इस मामले में विवेक की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड के ऊपर लोहे का स्लाइडिंग गेट गिरने से मौत

**परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर जमकर काटा हंगामा**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात एक सुरक्षा गार्ड के ऊपर भारी भरकम लोहे का स्लाइडिंग गेट गिरने से उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने शनिवार को लोक बंधु अस्पताल में मुआवजे की मांग को लेकर जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। बाद में अधिकारियों ने आर्थिक मदद करने के साथ ही मृतक की पत्नी को शैक्षिक योग्यता के मुताबिक नौकरी देने का आश्वासन देकर किसी तरह उन्हें शांत कराया। मूल रूप से कानपुर देहात के अकबरपुर थानान्तर्गत भुगनिया पुर निवासी रवि द्विवेदी (28) अपनी पत्नी प्रियंका द्विवेदी, 5 वर्षी बेटे व 3 वर्षीय बेटी के अलावा 15 वर्षीया भाँजी और अपने बुजुर्ग मां-बाप के साथ सरोजनीनगर के शांति नगर में किराए पर रहकर राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर एमएसएफ



सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था। बताते हैं कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे रवि एयरपोर्ट परिसर स्थित एटीसी बिल्डिंग के पास निमार्णाधीन सीआईएसएफ बैरिक में भारी भरकम स्लाइडिंग गेट बंद कर रहा था। तभी लोहे का भारी भरकम स्लाइडिंग गेट अचानक उसके सिर पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान होकर घायल हो गया। स्लाइडिंग गेट गिरने की आवाज सुनकर उसके साथी आनन फानन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रवि को लोक बंधु अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद लोक बंधु अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक की पत्नी का आरोप था कि यह घटना अडानी कंपनी व उसके अधीनस्थ निर्माण कंपनी द्वारा लापरवाही पूर्ण कराए जा रहे कार्य के कारण हुई है। उधर काफी देर तक मृतक के परिजनों द्वारा किए गए हंगामा प्रदर्शन की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने संबंधित कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। जहां पहुंचे एमएसएफ कंपनी के ब्रांच मैनेजर सुशील मिश्रा ने मृतक की पत्नी को 10 लाख रुपए नगद और मृतक के पिता को ढाई लाख रुपए नगद देने के साथ ही मृतक की पत्नी प्रियंका द्विवेदी को शैक्षिक योग्यता के अनुसार नौकरी देने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। फिलहाल बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि मृतक रवि अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था और उसके ऊपर ही पत्नी व दो बच्चों के अलावा मां-बाप व भांजी के भरण पोषण का जिम्मा था।

## जेसीपी से मिला विश्व पुरोहित परिषद का प्रतिनिधि मण्डल



**निगोहां में दूल्हा बने सिपाही द्वारा पुरोहित व उसके भाई की पिटाई का मामला**

अमन लेखनी समाचार

निगोहां ।दूल्हा बनकर अपने ही थाना क्षेत्र में शादी रच रहे सिपाही द्वारा पुरोहित की पिटाई के मामलें में शनिवार को विश्व पुरोहित परिषद के बैनर तले दर्जनो पुरोहित जेसीपी (कानून व्यवस्था) से उनके कार्यालय में मिलकर आरोपी सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के साथ बर्खास्तगी की मांग की ।इसके अलावा मारपीट में दर्ज मामलें में चोट के अनुसार धारांए बढाई जाये और आरोपी सिपाही को गिरफ्तार किया जाये ।शनिवार को विश्व पुरोहित परिषद की टीम दर्जनों पुरोहितों के साथ जेसीपी (कानून व्यवस्था) को मांग पत्र दिया। परिषद की मांग है कि आरोपी सिपाही को बर्खास्त किया जाए, जिसके साथ विभागीय कार्यवाही की जाए और गंभीर रूप से चोटिल हुए पुरोहित विवेक शुक्ला के दर्ज हल्के मुकदमें चोट के अनुसार और गंभीर धारांए भी बढ़ाई जाये। ध्यान रहे कि, मंगलवार को पुरोहित की दबंग दूल्हा बनें सिपाही ने जल्द शादी करवानें को लेकर पीटकर लहूलुहान कर डाला था। जिसमें मामला दर्ज होने के बाद आरोपी सिपाही सोनू जाटव को विभाग की तरफ से शुक्रवार को निलम्बित किया गया है।

## विधि सशक्तिकरण की दिशा में विधिक सहायता एवं जागरूकता हेतु हीरालाल यादव लॉ कालेज का प्रारम्भिक कदम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हीरालाल यादव लॉ कालेज, सरोजनी नगर, लखनऊ की तरफ से लतीफ नगर, सरोजनी नगर क्षेत्र में विधिक सहायता समिति द्वारा एक विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर के अन्तर्गत महिला पर हो रहे उत्पीड़न एवं उसके निवारण पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस शिविर का यह प्रयास था कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरूद्ध आवाज उठाना। उक्त कार्यक्रम का प्रारम्भ विधि छात्रा सान्या के उद्बोधन से हुआ, जिन्होने महिलाओं के कानूनी अधिकारो तथा उससे सम्बन्धित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।इसी क्रम में शशांक शुक्ला, आशा झा, गार्गी सिंह सेंगर, आशीष कुमार, दिलीप, साक्षी तिवारी, लक्ष्मी, शिवपाल, प्रांजल, तुषार आदि द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा महिलाओं




पर हो रहे उत्पीड़न एवं उसके निवारण को प्रदर्शित किया गया। इसी के साथ क्षेत्रवासियों को अनेको विधिक प्रकरणों यथा जमानत प्राप्त करना, सम्पत्ति विवाद, पेंशन के सम्बन्धितमामले में विधिक सहायता की जानकारी दी गयी। तत्काल उनके मामलों में प्रार्थना पत्र लिखना तथा अन्य जानकारी दी गयी।लगभग 72 लोगों को विधिक सहायता शिविर के माध्यम से दी गयी। इस विधिक समिति के निम्नलिखित सदस्य यथा रेशमी, अंशिका, दिव्या, दीपक का अद्वितीय योगदान लक्ष्यप्राप्ति में रहा है।कार्यक्रम में हीरालाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष राम सिंह यादव , इं0 अनुराग प्रबन्ध निदेशक, प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार आदि शिक्षक, शिक्षिकाए, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे ।

## सरकारी जमीनो से शिकायत के दो माह बाद भी नही हटा अवैध कब्जा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने एसीपी राधारमण सिंह समेत सभी विभागो के अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दियें। मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा से मोहनलालगंज नगर पंचायत के वार्ड न०-3 के सभासद अखिलेश ने दर्ज कराते हुये बताया दो माह पहले लिखित शिकायत कर गौरा व बिंदौवा गांवो में तालाब,नाली,बंजर,चकमार्ग समेत सुरक्षित सरकारी जमीनो पर दबंगो व प्लाटिंग कम्पनियों ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया,सबसे ज्यादा प्लाटिंग कम्पनियों ने तत्कालीन लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी जमीने कब्जा कर उसमें प्लाटिंग करने के साथ सड़क बना दी,शिकायत के दो माह बाद तहसील अफसर केवल कागजो में सरकारी जमीनो से कब्जा हटाने के निर्देश देते रहे लेकिन कब्जा नही हट सका ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदार प्रियवंदा मिश्रा को फटकार लगाते हुये राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दियें ।दूसरी शिकायत रामकिशोर सिंह निवासी अहमदपुर खालसा ने करते हुये बताय उनके गांव में खाल निकालने हुये सुरक्षित सरकारी जमीन से दबंगो का कब्जा हटाये जाने की मांग की ।एसडीएम ने राजस्व टीम को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।तीसरी शिकायत कंचन यादव निवासी खुजौली ने एसीपी राधा रमण सिंह से करते हुये बताया उसके पति राम सुरेश के नाम खुजौली-नगराम मार्ग बेशकीमती सात बिस्वा जमीन थी,उसकी जमीन पर नजर गड़ाये खुजौली चौकी में पूर्व में तैनात सिपाही मो० अकबर अहमद एक बिस्वा जमीन चार लाख में तय की ओर धोखे से पति को शराब पिलाकर पूरी सात बिस्वा जमीन रजिस्ट्री करा ली ।जब उसे सिपाही के द्वारा की गयी जालसाजी का पता चला तो सीएम ,डीजीपी,पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, महिला आयोग समेत स्थानीय थाने पर शिकायत की लेकिन सिपाही के रसूख के आगे उसकी किसी ने ना सुनी ।एसीपी ने पीड़िता को जांच के बाद कार्यवाही कर ?ने का भरोसा दिलाय ।चौथी शिकायत भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने करते हुये बताया बक्खाखेड़ा-अतरौली बाइपास की नयी कालोनी में मानको को दरकिनार कर ठेकेदार पुराने खड़न्जे की उखाड़ी गयी ईटो को मानको को दरकिनार कर सीसी मार्ग व नाली निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है ।सभासद ने कहा अवर अभियन्ता व ईओ से शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुयी ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये ईओ व नायाब तहसीलदार को मौके पर जाकर स्थलीय जांच कर कार्यवाही के लिये रिपोट मांगी हैं।

## बुजुर्ग महिला ने चोरी से पेड़ काटकर पुश्तैनी प्लाट कब्जाने वाले प्रापर्टी डीलर पर कार्यवाही की मांग

निगोहां के पुरहिया गांव निवासी बुजुर्ग महिला दशरथ देई ने एसडीएम से लिखित शिकायत करते हुये उसके पुश्तैनी प्लाट पर लगे दो बड़े पेड़ चोरी से काटकर उठा ले जाने व प्लाट पर जबरन कब्जा करने वाले दबंग प्रापर्टी डीलर अनुज कुमार पर मुकदमा दर्ज कराकर प्लाट खाली कराने समेत कड़ी कार्यवाही की मांग की ।पीड़िता ने दिये गये पत्र में विपक्षी से खुद को जान का खतरा भी बताया है ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये निगोहां पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दियें।

## लोकबंधु अस्पताल में मुवावजे की मांग को लेकर काटा हंगामा

**कम्पनी के अधिकारी ने मृतक की पत्नी को 10 लाख रुपये खाते में व ढाई लाख रुपये की नकदी दे पत्नी नौकरी देने का दिया अस्वाशन,**

**पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा,**

**सरोजनीनगर नगर कोतवाली इलाके की घटना,**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।कानपुर रोड स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर शुक्रवार देर शाम एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कर्मचारी पर लोहे का स्लाइडिंग गेट गिरने से गंभीर रूप से घायल की मौत की पुष्टि होने के बाद मृतक के परिजनों ने कम्पनी पर लापरवाही का आरोप लगाने के साथ मुवावजे की मांग को लेकर हंगामा काटना शुरू कर दिया ।सूचना पर पहुचे सरोजनीनगर प्रभारी शैलेन्द्र गिरि व कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने मृतक के परिजनों को समझने के साथ सिक्योरिटी कंपनी के अधिकारियों से वार्ता कर मृतक की परिजनों की सहमति के बाद मामला शांत होने के बाद मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि मूल रूप से भोगनियापुर कानपुर देहात निवासी रवि द्विवेदी (28) पुत्र महेश नारयण द्विवेदी मूल निवासी सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित शान्ति नगर में पत्नी प्रियंका व 4 वर्ष बेटे आयूष व 2 वर्ष बेटी लाडों के साथ रहकर चौधरी चरणों से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी कंपनी (एमएसएफ) मॉडर्न वीर सिक्योरिटी फोर्स में गार्ड के पद पर कार्यरत था ।

## विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर के औरंगाबाद जागीर निवासी वंदना पांडेय ने रायबरेली जिले के आरडीए कंपलेक्स, इंदिरानगर निवासी अपने पति अभिषेक तिवारी उर्फ राजा, ससुर रमापति तिवारी, जेठ आनंद तिवारी, सास माधुरी तिवारी, ननद पूजा ओझा, आरती पांडेय और ज्योति तिवारी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के अलावा दहेज उत्पीड़न की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वंदना का कहना है कि उसकी शादी 1 दिसंबर 2021 को अभिषेक के साथ हुई थी। शादी में पीड़िता के पिता ने 5,11,000 रुपए नगद देने के साथ ही करीब 20 लाख रुपए खर्च किए थे। आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल के सभी लोग दहेज में 5 लाख रुपये, एक कार और प्लाट की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने 13 जुलाई 2022 को मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौज किया। पीड़िता का कहना है कि कई बार समझाने के बाद भी आरोपी नहीं माने। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने मारपीट समेत एसी/एसटी एक्ट के दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 2018 में मारपीट समेत एससी/एसटी एक्ट के दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त रमेश कश्यप निवासी गौरा थाना मोहनलालगंज को पुलिस टीम ने दाबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया ।अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कस्टम अधिकारियों ने बेखौफ सोना तस्कर से लाखों कीमत का सोना किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर आए दिन सोने के तस्कर पकड़े जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी उनमें कस्टम अधिकारियों का जरा सा भी खौफ नहीं रहा। यही नतीजा है कि शुक्रवार रात फिर एक तस्कर बेखौफ होकर विदेश से सोना लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच गया। लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने जाँच के दौरान उसे धर दबोचा और उसके पास मौजूद करीब 26.89 लाख रुपए कीमत का सोना बरामद कर जब्त कर लिया। कस्टम अधिकारी उक्त यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। बताते हैं कि थाई एयर एशिया की उड़ान शुक्रवार रात करीब 9 बजे बैंकॉक से राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंची। विमान से उतरे यात्रियों की कस्टम अधिकारी जांच कर रहे थे। तभी संदेह होने पर उन्होंने एक यात्री को रोक लिया और उसकी जांच करते हुए तलाशी लेने के साथ ही उससे पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन यात्री ने अधिकारियों को कुछ नहीं बताया। इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने उसके पास मौजूद सूटकेस की जांच की तो उसमें अतिरिक्त रूप से स्क्रू लगे मिले। इस पर अधिकारियों ने सूटकेस खोलकर देखा तो उसमें लगे स्क्रू में सोने के 36 टुकड़े भरे मिले। बताया जाता है कि यात्री के पास सूटकेस के स्क्रू में मिले सोने के टुकड़ों का वजन करीब 419 ग्राम निकला। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 26,89,980 रुपए कीमत बताई जा रही है। फिलहाल कस्टम अधिकारियों ने बरामद सोने को जब्त कर लिया और यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संक्षेप

### एसडीएम व एएसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में एसडीएम क्षितिज द्विवेदी के अध्यक्षता में तथा एएसपी अखिलेश सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 62 फरियादियों में अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमे पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। तलिहई चिन्ना देवी ने बेटी के ससुराली जनो द्वारा दहेज पर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की। बिहार के राम प्रकाश गुप्ता ने सफाई कर्मियों द्वारा सफाई न किए जाने से गांव में गंदगी की शिकायत की लखमदेमऊ के श्री राम ने सरकारी नाली में दबंगों द्वारा पानी रोके जाने का प्रार्थना पत्र दिया। समाधान दिवस में सर्वाधिक 31 मामले राजस्व विभाग तथा 10 मामले पुलिस के व आठ मामले विकास के सम्मिलित रहे। इसमें तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार स्नेहा यादव। बीडीओ बीघापुर विनोद मणि त्रिपाठी सहित कई विभागों के अधिकारी रहे।

### स्वीकृत होने के बाद भी नही लगाया गया ट्रांसफार्मर

उन्नाव। बिजली विभाग ने शुक्लागंज सब स्टेशन पर एक और 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का प्रपोजल भेज कर स्वीकृत कराया था कार्यदाई संस्था के अभी तक ना आने के कारण शुक्लागंज में ट्रांसफार्मर नहीं लग सका जिससे गर्मी में लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ सकता है गर्मी के मौसम में नगर की बिजली आपूर्ति सुचार रूप रखने के लिए पिछले वर्ष दिसंबर माह में विभाग ने कई नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ कई ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जिससे गर्मी में होने वाली दिक्कत से निजात मिल सके और विद्युत सप्लाई भी बाधित न हो नगर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए बिजली विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में करीब 25 ट्रांसफार्मर एक दर्जन से अधिक पोल को लगाया गया था गर्मी के मौसम में शुक्लागंज सब स्टेशन पर एक और 10 केवीएम का ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या को हल करना रहा एक्सईएन एसडीओ और अभियंता के भेजे प्रस्ताव के बाद सब स्टेशन पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्वीकृत हो गया और कार्य दाई संस्था ने डबल फेस की लाइन बिछाने का काम भी पूरा कर लिया मगर अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया अब जब गर्मी शुरू हुई है तो विभागीय अधिकारियों को लोड बढ़ाने की चिंता सताने लगी है क्योंकि क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं ऐसे में सब स्टेशन पर लोड पड़ेगा और गर्मी में बिजली की समस्या उत्पन्न हो सकती है उपखंड अधिकारी शुक्लागंज सब स्टेशन राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बिजली व्यवस्था को लेकर नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही केबल डालने का काम पूरा कर लिया गया है जल्द ही 10 एमवीए ट्रांसफार्मर सब स्टेशन पर लगाया जाएगा कार्यदाई संस्था को रिमाइंडर भेजा गया है।

# एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। सम्पूर्ण समाधान दिवस नवागत डीएम की अध्यक्षता में होना था ।जिससे सुबह से ही सैकडो की तादाद में फरियादी तहसील पहुंच कर ग्यारह बजे तक डीएम का इंतजार करते रहे ।डीएम छुट्टी पर जाने की सूचना मिलते ही फरियादिओ ने एडीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई कुल 243 प्रार्थना पत्र आए जिनमे राजस्व के 112, पुलिस 47,विकास39, अन्य 45, मौके पर 13 राजस्व, पुलिस के निस्तारण हुए।

संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में फरियादिओ की समस्याओं को सुना गया। नेवलगंज गांव निवासी मुन्नीलाल दिव्यांग ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि घर के सामने सहन की जमीन पर पड़ोस के ही सावित्री , सीमा मौर्य, ने कब्जा कर रखा है। जमालपुर मढ़ी निवासी बाबू लाल पुत्र कल्लू ने प्रार्थना पत्र देकर बताया की गाटा संख्या 150 पर कोडरा गांव के दो लोगो के द्वारा कब्जा किए हुए जिसको छुड़वाने के लिए कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन लेखपाल जांच करने नही जाते है। आसीवन गांव निवासी कौशल किशोर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि लखनऊ बांगरमऊ मार्ग गाटा संख्या 1353 में कब्रिस्तान दर्ज है जिसपर मोहम्मद सरवर व मोहम्मद खान आवास बना रह रहे है ।कुसम्भी गांव निवासी आलोक सिंह एडवोकेट ने तहसील में पहुंचते ही लेखपाल धीरेंद्र शुक्ला पर चिल्लाते हुए आरोप लगाते हुए कहा की कुसेहरी माता मंदिर के बगल में पड़ी जमीन पर कानपुर निवासी राजू ने कब्जा कर रखा है। तहसीलदार ने जांच के लिए धीरेंद्र शुक्ला से रिपोर्ट मांगी ।लेकिन आज तक लेखपाल धीरेंद्र शुक्ला ने जांच रिपोर्ट तहसील दार को न देने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे किसी तरह तहसीलदार विराग करवरिया ने समझा बुझाकर शांत कराया। न्योतनी कस्बा निवासी मंसाराम ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पीडब्ल्यूडी से बनाई गई दो किलो मीटर सड़क एक माह में ही गिट्टी उखड़ने लगी।औरास सरौंद गांव निवासी सूबेदार पुत्र नायरन खतौनी में सजीवन पुत्र परागी का नाम दर्ज हो गया था जिस पर तहसीलदार न्यायालय से खतौनी में नाम संशोधन का आदेश होने के बाद भी कब्जा नही मिल रहा है। सैकड़ो के तादाद में आए हुए फरियादियों को पर्ची काउंटर पर पर्ची लेने के लिए दो बजे तक का इंतजार करना पड़ा।

कुल 243 प्रार्थना पत्र आए जिनमे राजस्व के 112, पुलिस 47,विकास39, अन्य 45, मौके पर 13 राजस्व, पुलिस के

इस मौके पर एडिशनल एसपी प्रेमचंद,एसडीएम हिमांशु गुप्ता, तहसीलदार विराग करवरिया, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी सीओ संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैश्य महासमिति की बैठक में नगर इकाई का किया गया गठन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजत बैठक में सफीपुर नगर इकाई का गठन किया गया जिसमे अधिवक्ता सर्वेश कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, अवधेश गुप्ता उर्फ बउवा को सर्वसमति से महामंत्री बनाया गया।

कोषाध्यक्ष उमेश गुप्ता को, संरक्षक सतीश चन्द्र गुप्ता गुड्डू भईया व पूर्व सभासद संजीव गुप्ता को बनाया गया ।जबकि सलाहकार का दायित्व कमलेश गुप्ता को सौंपा गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज को एक जुट करने का संकल्प दिलाते हुए नव मनोनीत पदाधिकारियों से अपने दायित्व निर्वाहन में सजग रहने की अपील की ।प्रदेश प्रभारी संगमलाल गुप्ता ने प्रदेश मुख्यालय पर 31 मार्च को समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर एकजुटता दिखाने को कहा ।राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता ने समाज के लोगो के घर घर जाकर उन्हें संगठन से जोड़ने की अपील की ।समिति के युवा अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने वैश्य समाज भाई चारे के साथ एक दूसरे के सुख दुःख में साथ देने की अपील की ।बैठक के दौरान पूर्व सभसाद संजीव गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अंगवस्त्र भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। पूनम गुप्ता,रामजी गुप्ता,श्याम चन्द्र गुप्ता,छुन्नू गुप्ता, सतीश गुप्ता,सभासद बेचेलाल गुप्ता आदि राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी अथितियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बेनी खेड़ा गांव निवासी राजेश मौर्य शिक्षक के घर में शुक्रवार को परिवार के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे ।अज्ञात चोर जीने से उतर कर दूसरे कमरे में जाकर झोला में रखा सोने की मांग मेहंदी, सोने का हार, अगुठी, पाव भर चांदी सहित तीन हजार की नकदी चोर पार कर दिया सुबह पांच बजे पीड़ित की पत्नी संध्या मौर्या उठी तो कमरे का ताला टूटा देख दंग रह गई ।पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 45 मामले पांच का किया गया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। सम्पूर्ण तहसील दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रेमशंकर मीणा ने किया जिसमें 45 मामले पहुंचे जहां 05 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुख्यालय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए 45 शिकायतो में पाँच मामलों का मौके पर निस्तारण करवाया जिसमें राजस्व 25, पुलिस 09, नगर पंचायत 04 अन्य 07 , मामले पहुंचे। ग्राम अजयपुर निवासिनी बिटइया पत्नी अजयकुमार ने शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि उसका पति अस्वस्थ्य रहते है जिसकी वजह से कही काम पर नही जाते है उसके पाँच छोटे छोटे बच्चे बुजुर्गी मकान मे रह रहे है जब बारिश के समय मे छत टपकती है जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है उसको शौचालय का भी लाभ आज तक नही मिला जिससे पूरा परिवार शौच के लिऐ आज भी जंगलो मे जाता है। पप्पू पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी दुगार्पुर ने बताया कि उसके पिता ठाकुर प्रसाद को वृद्धावस्था पेशन मिलती थी लेकिन कुछ माह से पेंशन प्राप्त नही हुई। छोटेलाल पुत्र अंगनू प्रसाद ग्राम रामनगर मजरे जेरा निवासी ने बताया कि उसका घरेलु विधुत कनेक्शन है जिसमे विभाग के अधिकारी ने बगैर मीटर रीडिंग के भारी भरकम निकाल दिया जाँच कराने की माँग की। इस दौरान दिवस मे सीओ सोनमसिंह ,,उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ,वीडियो संतोष श्रीवास्तव सहित राजस्व कर्मी, आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कों पर हुआ जलभराव

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बीती देर रात से हो रही बूंदा बांदी जो शाम तक जारी रही। बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया और सड़कों पर कीचड फैल गया। बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में शनिवार रात से बूंदा बांदी बारिश शुरू हो गई जो शाम तक जारी रही। बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया और सड़कों पर कीचड़ फैल गया। लोगों को दिनभर कीचड़ और जलभराव से आफत का सामना करना पड़ा। बारिश के साथ ही तेज हवा चलने से लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ा। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य प्रगति पर चलने के कारण क्षेत्र की दर्जनों गांवों से जोडने वाली लिंक रोड परसंडा मलौना सहिला भगवन्तपुर ब्यासपुर बिहार आदि डंपर के द्वारा माटी धुलाई के कारण खराब हो गई हैं जिससे लोगों को मोटरसाइकिल साइकिल से निकलना तो दूर रहा पैदल भी निकलना मुश्किल हो गया है बारिश के चलते लोग घरों से जरूरी काम होने पर ही निकले। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ गावो में शासन के द्वारा इमारत नहीं बनवाने के कारण लोगों के घरों में हो रहे कार्यक्रमों शादी बारात आदि में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है दिन भर बूंदाबांदी वह बरसात होने के कारण चौराहों बाजारों में रौनक नहीं देखी गई।



# बारात गए युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बारात गए युवक का शव सरसो के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर मौके पर पुलिस व परिजन पहुंचे शव देखते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई परिजनो ने आरोप लगाया कि युवक की हत्या की गई वही परिजनो ने बताया कि पास के गांव में तिलक समारोह था जिसमे मृतक के छोटे भाई का मोबाइल चोरी हो गया था जिसमे कुछ लोगो से विवाद हो गया था पुलिस शव की घटना स्थल से उठवा कर कोतवाली लाई जहा पर परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग करने लगे और शव को पीएम न ले जाने पर अड़ गए प्रभारी निरीक्षक ने परिजनो को आश्वाशन दिया की आरोपी जल्द ही पकड़े जायेगे काफी समझाने के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए

कोतवाली क्षेत्र के अटवा मोहाल ओसियां निवासी मनोज 30 वर्ष पुत्र सूरज पाल आसीवन थाना क्षेत्र के अलीगंज गांव अपनी बाइक से बरात में शामिल होने गया था सुबह सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के लाल मवई निवासी राम पाल के सरसो के खेत में औंधे मुंह पड़ा उसका शव ग्रामीणों ने देखा और शव के पास उसकी बाइक पड़ी थी देखते देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर मौके परिजन व पुलिस पहुंची और शव उटवा कर कोतवाली लाया गया जहां पर परिजन अड़ गए और कहने लगे जब तक आरोपी पकड़े नही जायेगे शव का पी एम नही होगा वही परिजनो ने बताया कि बीती 25 फरवरी को लक्षमण का तिलक समारोह थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ओसियां में था जिसमे मृतक के छोटे भाई संजू का मोबाइल चोरी हो गया था जिसको लेकर लाल बहादुर पुत्र सल्लू सर्वेश पुत्र हेमराज निवासी अलीगंज थाना आसीवन से वाद विवाद हो गया था इन्ही लोगो ने हत्या कर दी प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने परिजनो को आश्वाशन दिया की आरोपी जल्द ही पकड़े जायेगे घंटो मशक्कत के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना लगती है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

**मृतक युवक खेती किसानी करता था वही चार भाईयो में सबसे बड़ा था मृतक का एक तीन वर्ष का पुत्र है पत्नी सोनी व अन्य परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।**

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उपजिलाधिकारी डॉक्टर राममोहन मीणा की अध्यक्षता में आज तहसील के जन सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। नवागत उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उसके बाद प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार दीपक गौतम, चकबंदी अधिकारी संकटा प्रसाद सहित सभी खंड विकास अधिकारी व संबंधित थानों के पुलिस अधिकारियों के साथ ही सभी विभागों के संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नवनिर्मित राशन वितरण भवन का किया गया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण समाप्त होने के बाद नव निर्मित भवन राशन वितरण मॉडल शाप का उद्घाटन किया गया मौजूद लोगों को बताया गया कि सरकार का हर संभव प्रयास की योजना में जो लाभ हो वोह सीधा लाभार्थियो तक पहुच सके विकास खंड की सफीपुर ग्रामीण ग्राम सभा में लगभग 7.8 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन/ राशन वितरण मॉडल शाप का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर की उपस्थिति में सांसद साक्षी महाराज को करना था किसी कारण वश उनके न आने पर वहा पर उपस्थित एक जनप्रतिनिधि ने फीता काट उद्घाटन किया आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास से लेकर किसान सम्मान तक कि राशि सीधे खाते में देकर सौ प्रतिशत लाभ पहुचाने का कार्य किया ।गरीबो को दिए जाने वाले राशन में भी देय वजन के तराजू पर रक्खे जाने के बाद ही लाभार्थी का अंगूठा लगेगा अब राशन घटतौली की शिकायत से भी छुटकारा मिल जाएगा ।यही नही छात्रों को दी जाने वाली सहायता भी ऑनलाइन कर दी गई है इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा जिला पूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह उप जिलाधिकारी नवीन चंद्र ए डी ओ पंचायत छोटे लाल ग्राम प्रधान राधा कृष्ण राधाकृष्ण राशन विक्रेता राम नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला मीडियाकर्मी के साथ युवक ने की अश्लीलता व मारपीट ,दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

परियर, उन्नाव। खबर चलाने से बौखलाए युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला मीडिया कर्मी को रास्ते में रोक कर उसके साथ अश्लील हरकते करते हुए मारपीट की किसी प्रकार महिला आरोपियों के चंगुल से बच कर घर पहुंची और अपनी आप बीती अपने परिजनो को बताई महिला ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने जांच पड़ताल कर लगभग दो सप्ताह बाद महिला का मेडिकल परीक्षण करा सुसंगत धराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपीयों की तलाश शुरू कर दी बताते चले की थाना माखी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला एक चैनल की रिपोर्टर है जिसने विगत दिनों कुम्हार खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राजू रैदास की एक खबर को प्रकाशित किया था जिससे बौखलाए सर्वेश ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बीती 14 फरवरी की शाम को जब महिला अपने घर जा रही थी तो उसे रास्ते में रोक कर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट की और जाते जाते धमकी दी कि अगर आपने इस विषय में किसी को बताया या कोई कहीं शिकायत किया तो कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रखेंगे और जान से भी मार देंगे किसी प्रकार महिला आरोपियों के चंगुल से बच कर अपने घर पहुंची और आप बीती अपने परिजनो को बताई दूसरे दिन महिला अपने परिजनो के साथ माखी थाने व सफीपुर क्षेत्राधिकारी के पास पहुंच कर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने दो सप्ताह तक जांच पड़ताल कर महिला का मेडिकल परीक्षण करा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो गया है जल्द ही सभी आरोपी पुलिस हिरासत में होगे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 42 फरियादी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे कुल 42 शिकायत पत्र आए जिसमे दो शिकायत पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गयातहसील सभागार है उप जिला अधिकारी नवीन चंद्र की अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमे कुल शिकायत पत्र 42 आए राजस्व 13 पुलिस 7 समाज कल्याण 4 विकास 6 अन्य 12 मामले आए राजस्व के दो मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया इस मौके पर तहसीलदार राम आसरे समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज में छात्र छात्राओं को वितरण किए गए स्मार्टफोन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला रोड स्थित आर एस जी डिग्री कॉलेज में आज क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अति महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बी ए, बी एस सी के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया ।इस अवसर पर प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया ।उक्त अवसर पर उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस डिजिटल युग में प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को तकनीकी एवं डिजिटल रूप से सशक्त करना चाहती है ।उन्होंने स्मार्टफोन से लाभन्वित छात्र छात्राओं से इसका उपयोग शिक्षा के लिए ही करने की अपील की ।कार्यक्रम को प्रबंधक रिजवान अहमद ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र छात्राएं इस स्मार्टफोन के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकते हैं ।प्रबंधक द्वारा सभी छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं कॉर्डिनेटर आमिर अहमद व वरिष्ठ लिपिक मो उस्मान उपस्थित रहे।

# नव निर्वाचित बार अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय बार सभागार में उन्नाव बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी का अधिवक्ताओ ने स्वागत कर फूलमाला, अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने अधिवक्ताओ की सभी समस्याओ को निस्तारण कराने का भरोसा दिया है ।बार एसोसिएशन बागरमऊ के अधिवक्ताओ ने बार सभागार में उन्नाव बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी का स्वागत समारोह का आयोजन किया। अध्यक्ष सतीश शुक्ला और महामंत्री अरविन्द दीक्षित सहित तहसील कार्यकारिणी में पहुचे। जहाँ पर बांगरमऊ बार अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला ने अध्यक्ष सतीश शुक्ला का स्वागत किया। महामंत्री अरविन्द दीक्षित, उपाध्यक्ष विद्या शंकर मिश्रा , आदि पदाधिकारियो को फूल माला पहना कर व अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेट किये। अध्यक्ष श्री शुक्ल ने अधिवक्ताओ को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बार भवन, ई लाईब्रेरी सहित सभी समस्याओ का जल्द निस्तारण कराने का प्रयास करूंगा। बांगरमऊ बार एसोसिएशन को अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए का सहयोग देने की घोषणा भी की। इसी के साथ ही उन्होंने आसन्न बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव में अपनी प्रत्याशिता हेतु प्रथम वरीयता मत देने की अपील अधिवक्ताओ से करते हुए सभी से एकजुट हो सहयोग करने की अपील भी की। बैठक का संचालन पूर्व महामंत्री बृजेंद्र मोहन बाजपेई ने किया। बैठक में ज्ञान शंकर मिश्रा, राजमणि, राकेश चौरसिया, मुजम्मिल अहमद, सर्वोत्तम अवस्थी, आदित्य तिवारी, हरिओम, विपिन दीक्षित, अजीत शुक्ला, मनोज सेंगर, प्रदीप यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चिंतन

# नेताओं को क्यों नहीं संभाल पा रहा कांग्रेस आलाकमान

जिसका डर था, वही हुआ। हिमाचल प्रदेश में बहुमत के बावजूद राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा। केवल इतना ही नहीं उतर भारत की एकमात्र कांग्रेस सरकार पर भी संकट के बादल मंडरा गए। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद राज्य में कांग्रेस सरकार के भविष्य पर भी संकट के बादल गहरा गए हैं। राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद बीजेपी ने दावा किया है कि सुक्खू सरकार जल्द गिरेगी। सुक्खू सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया है, लेकिन सवाल ये उठता है कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद सुक्खू सरकार पर संकट के बादल क्यों मंडरा रहे हैं? एक बात और राज्यसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि कांग्रेस के विधायकों ने पाला बदल लिया है। ऐसे में अगर बजट पारित करते वक्त मत विभाजन होता है तो साफ हो जाएगा कि कांग्रेस सरकार बहुमत खो चुकी है। उत्तर भारत में सिर्फ हिमाचल प्रदेश में ही कांग्रेस की सरकार है। अब उस पर भी संकट गहरा गया है और इसकी संभावना बन रही है कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस यह राज्य भी गंवा सकती है। सोचने के विषय है कि कांग्रेस के साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है। आलाकमान अपनी सरकार और अपने नेताओं को क्यों नहीं संभाल पा रहा। नेताओं के बीच आपसी कलह इतना गंभीर है कि वे पार्टी तो क्या सरकार को भी खतरे में डालने से नहीं चूकते। हिमाचल को ही लें। प्रदेश में बीजेपी का 'ऑपरेशन लोटस' में इस तरह चला कि कांग्रेस सरकार को इसकी हवा तक नहीं लगी। राज्यसभा चुनाव से पहले बीजेपी के नेता कांग्रेस विधायकों के संपर्क में थे। बीजेपी ने उन विधायकों को टारगेट किया जो मुख्यमंत्री से नाराज चल रहे थे। इसी का नतीजा रहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके लिए भले ही कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाए, लेकिन सच तो यही है कि कांग्रेस के अंदर ही कई कांग्रेस खड़ी हो गई हैं। नेता खुद को पार्टी से बड़ा समझने लगे हैं। वे अपने फायदे के लिए पार्टी को दांव पर लगाने से भी नहीं चूक रहे। असल में कांग्रेस में एक अलग तरह का संकट है। नेता बगावत कर रहे हैं और लगातार पार्टी को छोड़कर जा रहे हैं। जिस प्रकार कांग्रेस से नेताओं का पलायन हो रहा है, उससे पार्टी पर गंभीर मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ रहा है। वैसे पिछले कुछ वर्षों से यह सिलसिला चल रहा है, पर अभी आम चुनाव के ठीक पहले बड़े नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा पार्टी छोड़ना बड़ा झटका है। अगर हम सत्तर-अस्सी के दशक और उसके बाद के लोकसभा चुनाव देखें, तो इस बार पहली दफा ऐसा हो रहा है, जब विपक्षी खेमा खास कांग्रेस पूरी तरह से उत्साहहीन है। असल में कांग्रेस का नेतृत्व भी बिखरा हुआ है और उसके पास उत्तरदायित्व के भाव का अभाव है। कहने को तो मल्लिकार्जुन खड़गे अध्यक्ष हैं, पर पार्टी की कमान पूरी तरह से गांधी-नेहरू परिवार के हाथ में है और सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी किसी महत्वपूर्ण पद पर नहीं हैं। फिर भी हर मसले में अंतिम फैसला उनका ही होता है। खड़गे भी हर निर्णय के लिए गांधी-नेहरू परिवार की ओर देखते हैं। इस कारण से पार्टी के अंदर फैसलों में देरी हो रही है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष गंभीर रूप धारण कर रहा है। अध्यक्ष के पास अधिकार होने जरूरी हैं। जब तक पार्टी नेहरू-गांधी परिवार से चंगुल से बाहर नहीं निकलेगी सुधार की उम्मीद करना बेमानी है।

# कारोबारी पैटर्न में बदलाव की दरकार



सर्वेक्षण

सतीश सिंह

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन ने अगस्त 2022 से जुलाई 2023 के बीच की अवधि के दौरान एक घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण करवाया था, जिसके परिणाम लोगों की जीवन-शैली में आए एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करते हैं। एचसीईएस एक महत्वपूर्ण आंकड़ा है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग क्या उपभोग कर रहे हैं और कितना उपभोग कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि किस खाद्य उत्पाद की कितनी मांग है और भविष्य में कितनी मांग हो सकती है। यदि दूध, मछली, पोल्ट्री उत्पाद, फल आदि की मांग अनाज से ज्यादा है तो बदली स्थिति के अनुरूप कारोबारियों को अपने कारोबार के स्वरूप में बदलाव करना चाहिए।

केंद्र सरकार के सांख्यिकी विभाग के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) के अनुसार विगत 11 वर्षों में लोगों की खर्च करने की प्रवृति,जीवन-शैली, खान-पान की प्राथमिकताओं आदि में आमूलचुल बदलाव आया है और बदलाव की यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। नये उत्पादों का आगाज, नवाचार, उत्पादों में नवोन्मेष, आचार-विचार में नवोन्मेष, उपलब्ध अवसरों के नए स्वरूपों आदि के अनुरूप इंसान देर-सवेर खुद व खुद स्वयं को बदल रहा है,जो इंसानी फितरत भी है और प्रकृति का नियम भी।

मामले में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने अगस्त 2022 से जुलाई 2023 के बीच की अवधि के दौरान एक घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण करवाया था, जिसके परिणाम लोगों की जीवन-शैली में आए एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करते हैं। लिहाजा, सरकार को बदली स्थिति से अधिकतम फायदा उठाने और नई चुनौतियों से निपटने के लिए नीतिगत बदलाव करने की जरूरत है। साथ ही, कारोबारियों को भी अपने कारोबारी पैटर्न में बदलाव लाने की आवश्यकता है।

यह सर्वेक्षण प्रत्येक 5 साल में एक बार करवाया जाता है, लेकिन वर्ष 2017-18 के सर्वेक्षण में आई कुछ त्रुटियों की वजह से सर्वेक्षण की रिपोर्ट 5 साल के अंतराल पर जारी नहीं की जा सकी और अब 11 सालों के बाद प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च (एमपीसीई) सर्वेक्षण के परिणामों को जारी किया गया है। विगत 11 सालों में ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 1,430 रुपये थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 3,773 रुपये हो गई, जबकि वर्ष 2011-12 के दौरान शहरी क्षेत्र में एमपीसीई 2,630 रुपये थी, जो 2022-23 में 6,459 रुपये हो गई। आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 11 वर्षों में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है। राज्यवार ग्रामीण और शहरी एमपीसीई की बात करें तो सिक्किम देश में शीर्ष पर काबिज है। यहां के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 7,731 रुपये है, जबकि शहरी क्षेत्र में 12,105 रुपये। तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों में एमपीसीई 5,310 और शहरी क्षेत्र में 7,630 रुपये है वहीं, कर्नाटक के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 4,397 और शहरी क्षेत्र में 7,666 रुपये है। गुजरात के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 3,798 और शहरी क्षेत्र में 6,621 रुपये है, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 4,263 रुपये और शहरी क्षेत्र में 5,913 रुपये है, मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में एमपीसीई 3,113 और शहरी क्षेत्र में 4,987 रुपये है,पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 3,239 रुपये और शहरी क्षेत्र में एमपीसीई 5,267 रुपये है, जबकि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में एमपीसीई 2,466 और शहरी क्षेत्र में 4,483 रुपये है। एचसीईएस से यह भी पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात पर, टिकाऊ वस्तुओं, सूखे मेवे,फल, प्रसंस्करित खाद्य पदार्थ, मनोरंजन, पान, तंबाकू, नशा, टॉयलेट से संबद्ध सामानों आदि पर प्रति माह होने वाले खर्च में बढ़ोतरी हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यातायात पर, टिकाऊ सामान,सूखे मेवे, प्रसंस्कारित खाद्य पदार्थ, पान, तंबाकू, नशा, इलाज आदि पर हर महीने होने वाली






खर्च में इजाफा हुआ है। आंकड़ों के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि वर्ष 2011-12 से खाद्य पदार्थों पर किए जा रहे खर्च पर कमी आ रही है और अन्य चीजों पर लोग ज्यादा खर्च करने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2011-12 में देश के ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य पदार्थों पर 53 प्रतिशत खर्च किए जा रहे थे, जबकि अन्य चीजों पर 47 प्रतिशत। यह तस्वीर वर्ष 2022-23 में पूरी तरह से बदल गई और खाद्य पदार्थों पर खर्च घटकर 46 प्रतिशत रह गया, जबकि अन्य चीजों पर खर्च बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया। वहीं, देश के शहरी क्षेत्र में वर्ष 2011-12 के दौरान खाद्य पदार्थों पर 43 प्रतिशत खर्च किए जा रहे थे, जबकि अन्य चीजों पर 57 प्रतिशत,वहीं, वर्ष 2022-23 में देश के शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर 39 प्रतिशत खर्च किए जा रहे थे, जबकि अन्य चीजों पर 61 प्रतिशत। विश्लेषण यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्र में अनाज, दाल, मसाले, सब्जी, तेल और शिक्षा पर खर्च में कमी आई है, जबकि शहरों में अनाज, दाल, सब्जी, तेल, मनोरंजन और शिक्षा पर किए जा रहे खर्च पर कमी आई है। साथ ही, इस सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि खाद्य पदार्थों पर की जाने वाली खर्च में कमी आने और अन्य चीजों पर किए जाने वाली खर्च में बढ़ोतरी होने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई सीरीज को तैयार करने में सरकारी तंत्रों को मदद मिलेगी और मंहगाई की गणना में आसानी होगी। जैसे-जैसे देश में विकास की गति तेज हो रही है, वैसे-वैसे ग्रामीण व शहरी भारत के खर्चे का अंतर भी घट रहा है। साथ ही, लोगों के मासिक खर्च के पैटर्न में भी अंतर आ रहा है। विगत 11 वर्षों में एमपीसीई में ढाई गुना तक की बढ़ोतरी हुई है। अब लोग खाने-पीने की वस्तुओं की जगह सुख-सुविधाओं वाली वस्तुओं पर ज्यादा खर्च करने लगे हैं। शहरी लोगों की तरह अब गांवों में भी लोग प्रसंस्करित खाद्य पदार्थ खाने लगे हैं। वैसे, इस बदलाव का एक बड़ा कारण ई-कॉमर्स कंपनियों का आगाज भी है। अब गांव में भी लोग कोई भी चीज ई-कॉमर्स कंपनियों के जरिये घर पर मंगवा सकते हैं, क्योंकि ई-कॉमर्स कंपनियां गांवों में लगभग हर उत्पाद को डिलीवर कर रही हैं। गांव के लोगों की जीवन-शैली, टीवी और सिनेमा से भी बदल रही है। दोनों चीजें आज आसानी से गांवों में उपलब्ध हैं और ग्रामीण खर्च करने से गुरेज भी नहीं कर रहे हैं। एक बड़ा कारण रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन भी है। अब शहर हो या गांव, दोनों जगह लोग अकेले जीवनयापन कर रहे हैं। लोगों के पास इतना वक्त नहीं है कि वे भोजन में रोटी, चावल, दाल या सब्जी आदि बनाएं, इसलिए लोग प्रसंस्करित खाद्य पदार्थ से अपना पेट भर रहे हैं। हालांकि, बदले परिवेश से नुकसान भी है। मसलन,सर्वेक्षण से यह पता चला है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोग तंबाकू और नशे के अन्य वस्तुओं पर ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह चिंता की बात है, क्योंकि इससे आर्थिक गतिविधियों में अपेक्षित तेजी नहीं आ रही है। एचसीईएस के अनुसार शिक्षा पर किए जा रहे खर्च में भी कमी आ रही है, जिसे बदलने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी प्रवृति देश के विकास को धीमी कर सकती है। सब्जियों पर किए जाने वाले खर्च में कमी आने और जंक फूड के उपभोग में वृद्धि से स्वास्थ्य मद में खर्च बढ़ रहा है। इससे विकास का मार्ग भी अवरुद्ध हो रहा है।

नीति निर्धारण के लिए एचसीईएस एक महत्वपूर्ण आंकड़ा है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग क्या उपभोग कर रहे हैं और कितना उपभोग कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि किस खाद्य उत्पाद की कितनी मांग है और भविष्य में इसकी कितनी मांग हो सकती है। उदाहरण के तौर पर यदि दूध, मछली, पोल्ट्री उत्पाद, फल आदि की मांग अनाज से ज्यादा है तो बदली स्थिति के अनुरूप सरकार को अपनी नीति में और कारोबारियों को अपने कारोबार के स्वरूप में बदलाव करना चाहिए।

## सारा संसार



श्री राधा रानी मंदिर, भानुगढ़ पहाड़ियों की चोटी पर स्थित बरसाने की प्रथम पूज्य प्रेम की देवी' श्री राधा रानी का पहला मंदिर है। बरसाना राधा रानी की जन्म स्थली है, और वहां के लोग उन्हें प्रेम से लाड़लीजी और श्रीजी पुकारते हैं।

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित

दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।
गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

## काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण काम करते रहना



संकलित

प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## सरोकार

डॉ. शंकरलाल शास्त्री

# परसेवा हो जीवन का लक्ष्य

धर्म शास्त्रीय दृष्टि से मानव जीवन बहुत पुण्यकृत्यों के बाद मिलता है। मानव एक सामाजिक प्राणी है। इसलिए मानव द्वारा किए जाने वाले कार्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े हैं। इस पृथ्वी पर न जाने कितनी ही प्रजातियां जन्म लेती हैं किंतु मानव योनि उत्तम मानी गई है। मानव का इस पृथ्वी पर जन्म लेने का तात्पर्य न केवल पशुओं की भांति जीवन जीना है बल्कि अपनी बौद्धिक क्षमता के बल पर पर सेवा और दूसरे जीवों का कल्याण करने की बात कही गई है। इसके लिए हमें विद्या रूपी ज्ञान परंपरा को आत्मसात करने की सीख दी गई है। हमारे यहां महर्षि वेदव्यास ने 18 पुराणों का सार पुण्य कार्यों के लिए परोपकार को उत्तम माना है। विद्या के बिना तो मानव साक्षात बिना सींग पूंछ का पशु ही है। कहते हैं मारने वाले से बड़ा बचाने वाला होता है। हमारे प्राचीन वाङ्मय में उत्तम स्वास्थ्य के लिए चरक, सुश्रुत, पतंजलि सहित न जाने कितने ही ऋषि और प्राचीन चिकित्सकों के बने सूत्र आज प्राणी को नया जीवन देकर उसके जीवन में खुशियां लौटाने का कार्य करते हैं। यह एक ऐसा पुनीत कृत्य है जिसमें यदि शत्रु भी व्याधि से पीड़ित है तो इसका निष्पक्ष उपचार कर उसे जीवन दान देने का कार्य चिकित्सकों द्वारा ही संपन्न किया जाता है। हमारे यहां चिकित्सक को ईश्वर का रूप दिया गया है किंतु हाल में राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में सचिन शर्मा नामक युवक के ओ पाज़िटिव की जगह एबी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाकर उसकी जीवन लीला ही समाप्त कर दी गई। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि ट्रॉमा सेंटर की बदहाली आलम किसी से छिपा नहीं है। कभी आंतरिक परिक्रमा कर देखिए और मरीज का दर्द भी सुनिए , ज्वर से तड़पते मरीज हों या आईसीयू में जीवन और मृत्यु का संघर्ष कर रहे मरीज उनके नेत्रों से फूटती अश्रु धारा बहुत कुछ दर्द बयां करती है। दुर्भाग्य से मुझे भी इसी ट्रोमा सेंटर की परिधि में अपनी मां के उपचार के दौरान उन दुर्दिनों को बिताने का दर्द भरा अनुभव रहा है। सांसें थामती जिंदगी का वह हृदयविदारक दृष्य आज भी न जाने कितने ही यक्ष प्रश्न चिह्न खड़े कर रहा है। यदि आपका मरीज है तो उपचार करने वाले चिकित्सक से घर जाकर मिल लीजिए। यानी मिल लीजिए...। नहीं तो थोड़े दिनों बाद अंतिम सत्य की ओर अग्रसर होना ही है। आज सारे गुण धन में समाहित हैं। वैरभाव रखने वालों के लिए ऐसे क्षेत्र ही उनके लक्ष्य सिद्धि की ओर आगे बढ़ते हैं। उन्हें अपनी अंतरात्मा से एक प्रश्न अवश्य ही करना होगा जैसा कृत्य हम कर रहे हैं उसकी भरपाई भी एक न एक दिन उन्हें भोगनी ही होगी। चाहे हम थोड़े समय के लिए ही दूसरों को पीड़ा देकर जश्न भले ही मना लें इसका परिणाम उन्हें भी एक न एक दिन भुगतना ही होगा। इसलिए चाहे चिकित्सा का क्षेत्र या अन्य कार्य हमें ईश्वर द्वारा प्रदत मानव देह को दूसरों के कल्याण में, दूसरे के उत्थान में अवश्य ही लगानी चाहिए। हमारा यह शरीर ईश्वर ने परोपकार के लिए ही दिया है। इसका उदाहरण हम फलों से लदे वृक्षों से ले सकते हैं। दूध देती गायों से ले सकते हैं। कल- कल छल-छल का नाद करती नदियों के बहते जल से ले सकते हैं। ये हमें पर सेवा का भाव सीखाते हैं। यदि हम किसी का जीवन बचाकर आगे बढ़ते हैं तो यक़ीनन हमारी आत्मा सुकून भरी ख़ुशी का अनुभव करती है

## अंतर्मन





## आज की पाती

### विज्ञान की तरफ और गंभीरता की जरूरत


28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना और लोगों को इसके प्रति सचेत करना भी है। हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हाल ही में चंद्रयान 3 की सफलता ने दुनिया को बता दिया कि हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में भी काफी विकास कर रहा है और हमारे देश के वैज्ञानिक भी उन दूसरे देशों से कम नहीं हैं जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। चंद्रयान 3 को संचालित करने में हमारे देश की महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- रमेश बाजपेयी, धमतरी

## करंट अफेयर

# चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से हुआ रवाना


पिछले सप्ताह यहां एक बंदरगाह पर पहुंचा 4500 टन वजनी उच्च प्रौद्योगिकी से लैस चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव की तट से रवाना हो गया है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। आधिकारिक रूप से जियांग यांग हांग थ्री नामक यह चीनी जहाज ने ''कर्मियों को बदलने और आपूर्ति के लिए' के लिए बंदरगाह पर लंगर डाला था। अधाआधु डॉट कॉम नामक एक न्यूज पोर्टल ने कहा, '22 फरवरी से माले में लंगर डालने के बाद जियांग यांग हांग थ्री मालदीव विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सीमा पर लौट गया है।



## ऑफ बीट

# मानचित्र हमारे जीवन को आकार देते हैं

मानचित्र और रोजमर्रा की जिंदगी अब ज्यादातर लोगों के लिए इस तरह आपस में जुड़ गई है कि उनके बिना दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है। हममें से अधिकांश लोग प्रतिदिन कम से कम एक मानचित्र का उपयोग करते हैं। हममें से कुछ लोग कई का उपयोग करते हैं, खासकर अब वे स्क्रॉलिंग स्क्रीन, कैमरा व्यू और सर्च इंजन के साथ-साथ हमारे डिजिटल समाज के प्रमुख उपकरणों में से एक बन गए हैं। हमारे द्वारा छोड़े गए जीपीएस और स्थान डेटा निशानों, हमारे द्वारा की जाने वाली यात्राओं और हमारे दैनिक व्यवसाय के दौरान होने वाली गतिविधियों के प्रकार के माध्यम से भी हमें मैप किया जा रहा है



## ट्रेंड

### गौरवपूर्ण स्थान दिया



थिरु एल. मुरुगन जी तमिलनाडु की धरती के पुत्र हैं। वे प्रदेश से तो नहीं जीते, लेकिन हमने उन्हें मंत्रिमंडल में गौरवपूर्ण स्थान दिया और हिंदी भाषी मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खूबसूरत अनुभव रहेगा



जम्मू-कश्मीर मेरी स्मृति में एक खूबसूरत अनुभव बना रहेगा। चारों ओर बर्फ थी लेकिन लोगों के असाधारण आतिथ्य के कारण हमें गर्माहट महसूस हुई। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमारे देश में देखने के लिए बहुत कुछ है। विशेषकर इस यात्रा के बाद इससे अधिक सहमत नहीं हो सका।

-सचिन तेंदुलकर, भारत रत्न

### अधिकार कुचलना चाहती भाजपा



लोकतंत्र में जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का प्रयोग करके स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा उनके इस अधिकार को कुचलना चाहती है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### आश्चर्य करता था



गगनयान मिशन के लिए 4 भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों की घोषणा की है। मैं अमेरिकी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों की तस्वीरें देखकर बड़ा हुआ हूं। आश्चर्य करता था कि क्या मैं कभी भारतीयों को साहसिक सूटों में भारतीय अंतरिक्ष यान में जाते हुए देख पाऊंगा।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

संक्षेप

## गणित एवं भाषा संबंधित चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। ब्लाक संसाधन केंद्र में एफ. एल. एन. आधारित गणित एवं भाषा सम्बन्धित चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ, संदर्भ दाताओं द्वारा बेहतर शिक्षण हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड के ब्लाक संसाधन केन्द्र स्थित हफीजाबाद में शिक्षा को गुणवत्ता परक और रोचक बनाने के लिए एफएलएन आधारित प्रशिक्षण का बीआरसी में एक मार्च से प्रारंभ किया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी विमल प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि एफएलएन शिक्षा के लिए एक शक्तिशाली दृष्टिकोण है, जो सहयोग को बढ़ावा देता है और छात्रों के लिए एक सहायक नेटवर्क प्रदान करता है। यह सीखने की बाधाओं को दूर करने, समुदाय और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने और जुड़ाव और प्रेरणा में सुधार करने में मदद कर सकता है। मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र सिंह यादव, श्यामेंद्र सिंह, अजीत द्विवेदी, कृपाल सिंह द्वारा विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों प्रशिक्षित किया जा रहा है। संदर्भ दाता शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों का अलग-अलग ग्रुप बनाकर उन्हें शिक्षा से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर चर्चा की गई। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को बुनियादी भाषा और गणित विज्ञान का प्रसार करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। एआरपी श्यामेंद्र सिंह ने सभी शिक्षकों से शिक्षक डायरी और वर्कशीट पर शिक्षण कार्य करने को कहा और विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। शिक्षकों में पीयूष त्रिवेदी, अरविन्द सिंह, कमलेश अवस्थी, राहुल तिवारी, बलबीर सिंह,वीरेंद्र कुमार, मिलिंद सेन, अंकित शुक्ला, अमिता श्रीवास्तव, प्रेरणा, नीतू, इत्यादि शिक्षक मौजूद रहे।

## अयोध्या में सिपाही ने लगाई फांसी

### सुसाइड नोट में कानपुर के तीन व्यक्तियों का लिखा नाम; पैसे के लेनदेन का मामला

अयोध्या, अयोध्या के यातायात पुलिस में तैनात सिपाही अभय यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अभय कोतवाली नगर के खोजनपुर कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रहा था। उसके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें कानपुर के तीन व्यक्तियों का नाम लिखा हुआ है। इसके अलावा पैसे के लेनदेने में आत्महत्या करने की बात लिखी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ जांच शुरू कर दिया है। अभय यादव कानपुर नगर के पनकी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। 2020 बैच के सिपाही करीब एक साल से अयोध्या में तैनात थे। कोतवाली नगर के खोजनपुर कॉलोनी में किराए के मकान में अकेले रह रहे थे। गुरुवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को शक हुआ। जिसके बाद खिड़की से देखने पर शव छत के पंखे से लटका हुआ था

# उपनिदेशक समग्र शिक्षा निदेशालय ने परखी बोर्ड परीक्षा



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। यूपी बोर्ड परीक्षा को बेहतर एवं नकल विहीन बनाए रखने के दृष्टिगत उपनिदेशक शिक्षा निदेशक लखनऊ दीप चंद्र ने आज द्वितीय पाली परीक्षा मे जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज जरवल कस्बा का भ्रमण किया और वहां परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों की हकीकत से रूबरू हुए। द्वितीय पाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा मे जय जवान इंटर कॉलेज में पंजीकृत छात्र 188 थे जिन में से 11 छात्र अनुपस्थित रहे। शिक्षा उपनिदेशक दीप चंद्र ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल नकल विहीन एवं शासन के मनसा रूप कामयाब बनाने के लिए पूरा शिक्षा विभाग एवं प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है। इस मौके पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अनुराग मिश्रा केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद अमर अंसारी व केंद्र व्यवस्थापक अवध बिहारी परीक्षा प्रभारी अजहर हुसैन व शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर का भव्य तरीके से किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उपेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर बनाएं जाने पर उनके छोटे भाई जय प्रताप सिंह भाजपा नेता प्रयागराज फाफामऊ निवासी का बहराइच जनपद में प्रथम आगमन पर कैसरगंज स्थित लदौर फार्म हाउस में विवेक सिंह बिसेन के अगुवाई में उनका स्वागत कर बधाई दिया गया। इस मौके पर जय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में वहां उपस्थित सभी को धन्यवाद कहा और बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के सरकार में अगुवाई में अंतिम पायदान पर खड़ा हर जरूरतमंद व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिल रहा है और इस बार लोकसभा चुनाव में मोदी को पुनः प्रधानमन्त्री बनायें। उनका विजन 400 पार का नारा का संकल्प लेते हुए आप सभी भाजपा कार्यकर्ता कड़ी मेहनत से ही पार्टी को मजबूती से पूरी दुनिया में नम्बर एक पर पंहुचायें। इस मौके पर उनके साथ अभय सिंह कंटरेकटर सहित धर्मेंद्र सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह, गंगाराम जयसवाल, मजिद और भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रुपईडीहा पत्रकार संघ की मासिक बैठक आयोजित हुई

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। रुपईडीहा पत्रकार संघ की मासिक बैठक संघ के सदस्य धीरेंद्र शर्मा द्वारा बाबागंज से मल्हीपुर रोड़ स्थित पुरैनी चौराहे पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रुपईडीहा पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय वर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकार संघ में शामिल हुये नवांगतुक सदस्यों को संघ के कायदे कानून बताते हुये अनुशासन एवं सच्चाई की राह पर चलने की सीख दी। वरिष्ठ पत्रकार एवं संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण यह है कि रुपईडीहा पत्रकार संघ के सभी सदस्य श्रमजीवी पत्रकार हैं। इसलिए सच्चाई को लिखने के साथ समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज उठाने में तत्पर रहते हैं। बैठक में अतिथि के रूप में नवाबगंज थाना प्रभारी राकेश पांडेय एवं अब्दुल्लागंज क्षेत्रीय वनाधिकारी पंकज कुमार साहू भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनअधिकारी ने रुपईडीहा पत्रकार संघ के सदस्यों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। संघ में हाल ही में शामिल हुए सदस्यों को कार्ड वितरित किया गया। बैठक में संरक्षक शेर सिंह कसौधन, अनिल कुमार वर्मा, सिद्धनाथ गुप्ता, महामन्त्री अरसद हुसैन, महबूब अहमद, मो0 सलीम, रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष भीमसेन मिश्रा व इरशाद हुसैन, अंकित अग्रवाल,अरविंद वर्मा,अमित मद्देशिया, संतोष शुक्ला,मोहम्मद कौशर रईस अहमद, संघ के मीडिया प्रभारी रजा इमाम रिजवी सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।

# नेपाल व भारतीय वन कर्मियों की हुई समन्वय बैठक

अमन लेखनी समाचार/ मो.कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नेपाली शिकारियों व वन माफियाओं की गतिविधियों को देखते हुये नेपाल व भारत दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां हुईं सतर्क आपसी समन्वय व जानकारी साझा करने के लिए सीमा पर स्थिति मुंशी पुरवा बीओपी पर बैठक की गईं। हाल ही में नेपाली शिकारियों के समूह ने अब्दुल्ला गंज जंगल मे शिकार के उद्देश्य से कडी. सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी जंगल मे प्रवेश किया था। इस दौरान वन कर्मियों व शिकारियों मे भिड़ंत भी हुई थी जिसमें दो वन करमी घायल हुये और दो शिकारी पकड़े गये लेकिन मुड़ भेड़ के दौरान कुछ शिकारी चकमा देकर भाग निकले थे इसी घटना को सज्ञान मे लेकर दोनो देशों के एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय और जानकारी साझा करने के बारे में सीमा पर स्थित मुंशी पुरवा बीओपी पर वार्ता की गईं। इस बातचीत में नेपाल एपी एफ के इंस्पेक्टर नीरेंद्र और नेपाल के हिरमिनिया थाने के सबे इंस्पेक्टर मदनजी और एसएसबी खुफिया विंग के सबइंस्पेक्टर शिव उपस्थित हुये। इस दौरान अब्दुल्लागंज रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में कई केस में वांछित नेपाली अपराधियों के नाम पते आदि की सूची साझा की गई,बैठक में अब्दुल्ला गंज रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी पंकज कुमार साहू के अलावा मनोज तिवारी वन रक्षक, मनोज सिंह वन रक्षक, सुरेश कुमार वन रक्षक सहित सम्मिलित हुये।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस

### सभी मामलों का करें गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण: मंडलायुक्त

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली




कैसरगंज, बहराइच। संपूर्ण समाधान दिवस कैसरगंज मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तहसील दिवस में 82 मामले आए जिनमें से पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया कि सभी मामलों का निस्तारण समय के अंदर एवं गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से होना लाजमी है। किसी भी दशा में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर तहसील समाधान दिवस में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव, एडिशनल एसपी कुशवाहा, उपजिला अधिकारी पंकज दीक्षित, कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़, बीडीओ कैसरगंज सत्य प्रकाश पांडे, तहसीलदार अजय कुमार यादव आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाबागंज: नुक्कड़ नाटक के जरिए डायल 112 के बारे में किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृंदा शुक्ला के निदेर्शानुसार नुक्कड़ नाटक के जरिए डायल 112 के महत्व व उपयोग बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम मे थाना रूपईडीहा अंतर्गत कस्बा बाबागंज चौराहे पर एनजीओ शुभ सेवा संस्थान लखनऊ के नाट्य कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के जरिये डायल 112 की विभिन्न आपात सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, अग्निशमन, दुर्घटना व आपदा मे डायल 112 के उपयोग व महत्व के बारे मे ृदिन हो या रात, 112 है आपके साथ्र का नारा देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पीआरवी 1561 से आरक्षी बबलू यादव, दीप चंद विश्वकर्मा, चालक अमित पाण्डेय, नाट्य मण्डली से टीम लीडर सलमान, कलाकार लविश तिवारी, जूही वर्मा, शैफली कुशवाहा, वारिस खान सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# अमरोहा सांसद के लापता होने के लगे पोस्टर

- लिखा– ढूंढने वाले को मिलेगा ईनाम, राहुल की न्याय यात्रा में भी दिखाई थीं तख्तियां

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही चचाओं का बाजार गर्म है। हर ओर लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी की चर्चा हो रही है। इसके साथ ही चर्चा ये भी है कि अमरोहा सांसद दानिश अली इस बार कांग्रेस से फिर से मैदान में आ सकते हैं, लेकिन दानिश अली का अमरोहा में लगातार विरोध हो रहा है। हाल ही में अमरोहा पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी को राहुल तुमसे प्यार है दानिश पांच साल से फरार हैं के पोस्टर (तख्तियां) दिखाए गए थे, लेकिन अब जिले के कई इलाकों में लापता अमरोहा सांसद के पोस्टर चिपकाए गए हैं, जो अब जिले में चर्चा का विषय बने हुए हैं। उधर चर्चा ये भी है कि एक कांग्रेस नेता ही सांसद दानिश अली का विरोध करा रहा है। दानिश अली अमरोहा के सांसद हैं। 2019 में वह गठबंधन से बसपा सांसद





चुने गए थे। हालांकि, कुछ दिन पूर्व बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद सांसद दानिश अली की चर्चा कांग्रेस पार्टी में जाने की थी।

# अयोध्या दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो पलटी

- बिहार से जा रहे थे 5 लोग, 2 को आई गंभीर चोट, चालक को नींद आने से हादसा

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अयोध्या दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की स्कार्पियो पलट गई। वाहन पर सवार पांच श्रद्धालुओं में दो को गंभीर चोटे आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी श्रद्धालु बिहार प्रांत के रहने वाले हैं। बिहार के जिला आरा के थाना भोजपुर अंतर्गत तेंदूनी जगदीशपुर के रहने वाले पांच लोग स्कार्पियो बीआर 01 पीएल 5362 गाड़ी से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। स्कार्पियो जैसे ही जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत किमी 130-700 आरएचएस पर पहुंची कि चालक को नींद आ गई। ऐसे में स्कार्पियो पलट गई। इस पर बैठे सभी पांचों लोग चीखने चिल्लाने लगे। उधर से गुजर रहे वाहन चालक ने आवाज सुनकर यूपीडा को सूचित किया। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने राहत और बचाव शुरू किया। क्रेन बुलवाकर जहां स्कार्पियो को बाहर निकलवाया वहीं घायलों को गाड़ी से बाहर निकलवाया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

श्रद्धालुओं की पहचान प्रतीक (25) पुत्र वीरेंद्र कुमार, विशाल राज (19) पुत्र मुक्तेश्वर कुमार, राजेश कुमार उम्र 17 वर्ष पुत्र राजेंद्र सिंह, सोनू कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रविंद्र कुमार के रूप में हुई है।

# अयोध्या में हाई-वे से जुड़े अंतर राज्यीय लुटेरे गिरफ्तार

## लूट के 20 लाख रुपए के पान मसाला सहित वाहन पकड़ा गया

अमन लेखनी समाचार




अयोध्या, अयोध्या जिले के थाना रौनाही की पुलिस ने एसओजी टीम की मदद से 20 लाख का पान मसाला लदा डीसीएम पकड़ा है।थाना क्षेत्र के जगनपुर से लूट का माल ट्रक सहित बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस को रौनाही थाना क्षेत्र बरईकला स्थित एक बंद ढाबे के सामने डीसीएम खड़ी मिली थी जिससे लूट का 80 बोरी पान मसाला एवं 29 बोरी जर्दा बरामद किया गया। एसओजी टीम के साथ छानबीन में जुटी रौनाही पुलिस ने लूट का पदार्फाश करने में कामयाबी हासिल की।इसके बाद वाहन चालक शहजाद पुत्र मंजूर निवासी हाल ए पता सेफ कलोनी, सिम्भावली, हापुड़ तथा स्थायी निवासी मेरठ के थाना एवं गांव किठौरा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी पंकज सिंह के अनुसार विगत 21 फरवरी को नेशनल हाई वे बरई कला के ढाबा पर खड़ी डीसीएम से उक्त जर्दा पान मसाला की लूट की घटना होने का चालक ने पुलिस को सूचना दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी उप निरीक्षक अमरेश त्रिपाठी तथा सत्ती चौरा चौकी प्रभारी अनुराग पाठक थाना उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह की तीन अलग अलग टीम बनाकर ढाबा पर लगे सीसीटीवी कैमरे से जांच की जा रही थीं।इसी दौरान मुखबिर ने आज सुबह लगभग आठ बजे कानपुर से एक डीसीएम को संदिग्ध परिस्थितियों में गुटखा मसाला लेकर गोरखपुर की ओर जाने की सूचना मिली। हरकत में आई तीनों टीम ने इसी थाना क्षेत्र जगनपुर के पास उक्त वाहन को रोक कर तलाशी के साथ कागजातों को लेकर कड़ी पूछताछ करने पर सभी पान मसाला एवं जर्दा विगत दिनो हुई लूट का सामान होने की पुष्टि की।छानबीन में इसी क्रम में ऐसी ही एक अन्य घटना का अंजाम देने तथा आर्म्स ऐक्ट के तहत हापुड़ पुलिस में मुकदमा दर्ज पाया गया अन्य की तलाश जा रही है।

# सुलतानपुर में नशेबाजों ने सिपाही पर किया हमला

- ईंट-पत्थर मारकर सिर फोड़ा, सिपाही ने बहादुरी दिखाते हुए एक हमलावर को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार





सुलतानपुर, सुलतानपुर में नशेड़ियों ने कोतवाली नगर के एक सिपाही पर ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। लहूलुहान हालत में सिपाही को कोतवाली लाया गया है। वहीं सिपाही पर हमला करने वाले एक हमलावर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना कोतवाली नगर के जिला पंचायत परिसर की है। यहां सांसद मेनका गांधी का कार्यालय है। कोतवाली नगर में तैनात सिपाही पवन कुमार जीप से यहां पहुंचे थे। थोड़े समय बाद जब वे गाड़ी लेकर आगे बढ़े तो सात-आठ लोग परिसर के अंदर बीच सड़क पर खड़े शराब पी रहे थे। सिपाही पवन ने गाड़ी का हॉर्न दिया तो नशेबाज आगे बढ़े और गाड़ी का गेट खोलकर सिपाही पर हमला कर दिया। सिपाही का आरोप की नशेबाजों ने ईंट-पत्थर से उस पर हमला किया। हालांकि सिपाही पवन ने बहादुरी दिखाते हुए एक हमलावर अमरनाथ यादव निवासी पांचोपीरन को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची

# सुल्तानपुर में घर के पास से स्कॉर्पियो गाड़ी गायब

### शीशा तोड़कर गाड़ी में घुसा चोर, बोनट खोलकर तार जोड़ा और वाहन स्टार्ट कर ले उड़ा

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुल्तानपुर शातिर चोर स्कॉर्पियो गाड़ी ले उड़े। इसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वहीं अब पुलिसिंग पर सवाल उठ रहे हैं। घटना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत गोलाघाट मोहल्ले की है। दरअसल शहर के बीच से गुजर रहे अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे गोमती पुल के निकट गोलघाट मोहल्ला स्थित है। यहां के निवासी अनूप मिश्रा ने बीते 18 जनवरी नई स्कार्पियो गाड़ी खरीदी थी। गोलाघाट क्षेत्र में अनूप मिश्रा का सड़क की एक पटरी के किनारे आवास है, तो दूसरी पटरी के किनारे कपड़े का शोरूम है। जिसे उन्होंने किराए पर दे रखा था और उसी के बरामदे में स्कार्पियो खड़ा कर रखा था। जिसका फ्रंट राजमार्ग की तरफ है और 24 घंटे आवागमन उस मार्ग पर बना रहता है। लेकिन चोरों की दिलेरी ऐसी कि सुबह-सुबह मुंह पर मास्क लगाकर निश्चिंत होकर चोरों ने स्कार्पियो का शीशा तोड़ा और गाड़ी के अंदर प्रवेश किया। बोनट खोलकर उसने कुछ तार जोड़े और स्कार्पियो ले के चंपत हो गया।

# सुल्तानपुर में युवक की हत्या में पुलिस ने बरती हीलाहवाली

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर, एक माह बाद भी गिरफ्तार नहीं हुए हत्यारे

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के अक्टूबर माह में जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना का विकास कुमार साजिश का शिकार हुआ। परिजनों ने कोतवाली में हत्या की नामजद तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। अधिकारियों के चक्कर लगाए तो उन्होंने भी सुनवाई नहीं की। अंत में जनवरी माह में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज हुई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों से पांच लाख रुपए लेकर पुलिस उन्हें बचाने में जुटी है। जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत करिया बझना निवासी अजय कुमार के पुत्र विकास (22वर्ष) का शव गांव के हरिहरताला तालाब में 27 अक्टूबर 2023 को मिली थी। परिवार वालों का आरोप है कि विकास को बुरी तरह मारकर उसकी हत्या की गई और शव तालाब में फेका गया। इस प्रकरण में मृतक के पिता अजय ने जयसिंहपुर कोतवाली में नामजद तहरीर दी लेकिन मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ। यही नहीं अजय ने एसपी-डीएम सबके दरवाजे पर जाकर न्याय मांगा लेकिन जब कही सुनवाई नहीं हुई। लेकिन जब हर जगह से मायूसी हाथ लगी तो अंत में वो कोर्ट गया। जहां कोर्ट के आदेश पर 26 जनवरी को राकेश वर्मा निवासी अकोढ़ी थाना गोसाईगंज, विकास पुत्र सुखदेव और मृतक की प्रेमिका के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज हुआ। केस दर्ज हुए पूरे एक माह बीत गए हैं लेकिन आजतक नामजद आरोपियों को जयसिंहपुर पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। ऐसे में गुरुवार को अजय परिवार वालों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जनता दरबार में पहुंचे और शिकायती पत्र अधिकारियों को देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। बताया जा रहा है कि मृतक की गांव की ही एक लड़की से आरोपी विकास और राकेश का पहले प्रेम प्रसंग था।

# संक्षेप

## बलरामपुर में युवक की जमकर पिटाई

### जिला अस्पताल में लगातार हो रही थी चोरी, लोगों ने फुटेज से पहचान कर की पिटाई

बलरामपुर, बलरामपुर की नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक कथित चोर की पिटाई का मामला सामने आया है। चोर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है पिछले कुछ दिनों से जिला मेमोरियल अस्पताल में मरीज और उनके तीमारदारों का रुपए, मोबाइल, सामान लगातार चोरी हो रहा था। इसकी शिकायत मिलने के बाद अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो कुछ लोगों ने चोरी करते हुए चोर की पहचान की और कुछ युवक नगर के टेढ़ी बाजार मोहल्ले में रहने वाले आरोपी ऋतिक के घर जा पहुंचे। उसे बाहर निकालने लगे। इसी दौरान उसने चाकू मारने की धमकी देते हुए युवकों का विरोध किया। युवकों ने आरोपी ऋतिक को पकड़कर सड़क पर लाकर जमकर धुनाई कर दी। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है की कुछ युवक आरोपी की पिटाई कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग पिटाई कर रहे युवकों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। पिटाई के दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर चली गई, जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है।

## जौनपुर में टीआईओ ने घाट-मंदिर कार्य का किया निरीक्षण

### बोली–घाट पर लगेंगे बैरियर, गाड़ियों का प्रवेश होगा वर्जित

जौनपुर, जौनपुर की पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा घाट और मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन अधिकारी ने विकास कार्यों का जायजा लिया। घाट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेई को आवश्यक निर्देश दिया कि घाट के एंट्री प्वाइंट्स पर बैरियर लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी भी तरह के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाए। जिससे घाट संरक्षित किया जा सके। उप निदेशक पर्यटन वाराणसी एवं विंध्याचल मण्डल के निर्देश के क्रम में पर्यटन सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा शाही पुल के पास स्थित हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, काली जी मंदिर, दुर्गा जी मंदिर एवं शिव जी मंदिर, शास्त्री पुल के पास स्थित शिव जी मंदिर और हनुमान मंदिर, ग्राम रामराय पट्टी परगना-हवेली, तहसील सदर स्थित चौरा माता मंदिर, गोमती नदी के किनारे हनुमान घाट के पास अवशेष घाट का निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। घाट का निर्माण कार्य कार्यदायी यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड वाराणसी द्वारा किए जाने हेतु नामित किया गया है। जिसमें शाही पुल के पास स्थित हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, काली जी मंदिर, दुर्गा जी मंदिर एवं शिव जी मंदिर पर लगभग 87 प्रतिशत कार्य, शास्त्री पुल के पास स्थित शिव जी मंदिर एवं हनुमान मंदिर पर 90 प्रतिशत कार्य, ग्राम रामराय पट्टी परगना-हवेली, तहसील सदर स्थित चौरा माता मंदिर पर 36 प्रतिशत कार्य, गोमती नदी के किनारे हनुमान घाट के पास अवशेष घाट पर 2 प्रतिशत कार्य पूर्ण पाया गया।

# मतदान जागरूकता हेतु व्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना दयानंद इकाई के तत्वावधान में डीएवी पीजी कॉलेज गोरखपुर आज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो शैल पांडेय की अध्यक्षता में व्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आगामी लोक सभा चुनाओं हेतु भावी मतदाताओं को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के इस महा पर्व का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया और एक जागरूक नागरिक के रूप में अच्छा मतदाता बनने की सलाह दी। उन्होंने आगे बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने अधिकार नागरिकों को मिलते है उनमें सबसे बड़ा अधिकार है वोट देने का अधिकार।हमें सोच समझकर कुशल कर्मठ और शिक्षित प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं में मतदान जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे शिवांगी, आंचल, खुशी ,काजल, ज्योति ,संजनादीप, अश्वनी, कुंदन, प्रिंस, शिवम, अनूप, वैष्णवी ,वंशिका ,अवंतिका, अजय, खुशी, मुस्कान ,स्वेच्छा, सपना सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

## शौच करने निकली महिला के साथ छेड़छाड़ एसएसपी से शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मिया पकड़ी निवासी एक महिला शौच करने के लिए निकली थी। की रास्ते में अकेला पाकर गांव का युवक छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट कर फरार हो गया। थाने पर शिकायत के बाद पीड़िता को न्याय नहीं मिला। और एसएसपी से शिकायत कर आरोपी पर कारवाई करने की मांग किया। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मिया पकड़ी निवासी एक महिला 12 फरवरी को शाम 4 बजे के करीब महिला शौच करने के लिए निकली थी। की रास्ते में गांव का एक युवक अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगा था। उलाहना देने आरोपी के घर पर गई तो उसके परिजन मारपीट दिए। और 5 हजार रुपया छीन लिया। थाने पर शिकायत दर्ज कराया तो पुलिस ने कोई कारवाई नही किया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत दर्ज कराकर करवाई करने की मांग किया। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की दो पक्षों में जमीनी विवाद है। और पाबंद भी किया गया था। मामला मारपीट का है।

# पुलिस चौकी पर भोजन बनाने वाला युवक ही निकला छेड़छाड़ का आरोपी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा निवासी एक युवती ने घघसरा पुलिस चौकी पर भोजन बनाने वाले युवक पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम सहजनवा से शिकायत दर्ज कराया। मिली जानकारी से घघसरा निवासी युवती जो घघसरा बाजार में एक कपड़े की दुकान पर मजदूरी करती है। 11 फरवरी को शाम 6.30 बजे युवती कपड़े की दुकान से काम कर घर आ रही थी। अभी वह एक विद्यालय के पास पहुंची थी कि घघसरा पुलिस चौकी पर भोजन बनाने वाला युवक देखकर अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया था। विरोध किया तो मारा पीटा। जानकारी मिली आरोपी घघसरा पुलिस चौकी पर भोजन बनाता है। जिससे पुलिस कारवाई नही कर रही है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की जांच कराकर करवाई करने के लिए एसओ सहजनवा को निर्देशित किया गया है।

## गैंगस्टर के अभियुक्त ने प्रशासन द्वारा सीज भूमि पर कर लिया कब्जा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रधुनाथपुर निवासी गैंगस्टर के अभियुक्त ने प्रशासन द्वारा सीज की गई। भूमि पर फिर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए प्रधान पुत्र ने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के प्रधान पुत्र मिथिलेश गुप्ता ने एसडीएम सहजनवा को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है की गांव के गैंगस्टर का आरोपी की संपत्ति प्रशासन द्वारा जब्त की गई थी। लेकिन वर्तमान समय में आरोपी द्वारा खेल मैदान और ग्राम समाज की भूमि कब्जा कर गंदा पानी गिराया जा रहा है। जिससे गांव शांति फैलने की प्रबल संभावना बनी हुई। मामले की जांच कराकर करवाई करने की मांग किया हैं। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की मामले की जांच कराकर करवाई कराई जायेगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 55 मामले आए एक का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शनिवार सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने किया। यहाँ 55 मामले आए थे। जिसमे मौके पर 1 मामले का निस्तारण किया गया। राजस्व 24,पुलिस 12,विकास 5,समाज कल्याण 1,स्वास्थ्य 1, अन्य 12 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच करा कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत पुष्पेंद्र सिंह सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# नाबालिक भतीजी के साथ दुष्कर्म करने वाला चाचा हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी




बिन्दकी, फतेहपुर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के जोनिहा कस्बे से शनिवार को 14 वर्षीय नाबालिक लडकी से रेप करने वाले आरोपी चचेरे चाचा को पुलिस ने किया गिरफ्तार आपको बताते चलें कि कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के एक कस्बे में रिश्ते को कलंकित करने वाले चचेरे चाचा ने एक दिन पहले रेप की घटना कर दी थी वही इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर रेप का मुकदमा दर्ज किया था जिसे शनिवार को जोनिहा कस्बे से एसएसआई सत्यदेव गौतम ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

## ईट भट्ठे की दीवार गिरने से दंपति की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चककाजीपुर में स्थापित ए बी मार्का के ईट भट्ठा में दीवार गिरने से मजदूर दंपति की मौत हो गई वहीं दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चंदेलन पुरवा गांव के निवासी संतोष सिंह चंदेल के भट्टे गाजीपुर में काम कर रहे मजदूर राजकुमारी पत्नी मुन्नीलाल तथा स्वयं मुन्नीलाल भट्टे के अंदर कोयला बिन रहे थे वहीं पूर्व प्रधान रामधनी पासवान एवं उनकी पत्नी मालती देवी भी मौजूद थे अचानक दीवार गिरी जिससे चारों व्यक्ति दीवार के नीचे आ गए आनन फानन बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही मजदूर मुन्नीलाल एवं उसकी पत्नी राजकुमारी की मौत हो गई यह जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया वहीं पूर्व प्रधान रामधनी पासवान एवं मालती देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## एंटीक्रेप्शन टीम ने पांच हजार रिश्वत लेते हुए अमीन प्रधान सहायक को रंगे हाथ पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील में तैनात संग्रह अमीन प्रधान सहायक ने जिला स्तरीय वरिष्ठता सूची में नाम दर्ज कराने के नाम पर एक संग्रह अमीन से 5 हजार का रिश्वत लेते हुए एंटीक्रेप्शन टीम ने पकड़ लिया। और गीडा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एंटीक्रेप्शन की करवाई को देखते हुए तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी से धनश्याम कुमार शर्मा पुत्र स्व ठाकुर प्रसाद निवासी साहुकोल उर्फ मिजार्पुर बाजार थाना खोराबार जो संग्रह अमीन है। वर्तमान समय में संग्रह अमीन जिला स्तरीय वरिष्टता सूची तैयार की जा रही है। आग्रह अमीन प्रधान सहायक द्वारा वरिष्ठता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए 5 हजार रुपए की मांग की गई थी। इसके बाद धनश्याम कुमार शर्मा द्वारा एंटीक्रेप्शन टीम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। शनिवार को करीब 1 बजे संग्रह अमीन प्रधान सहायक ने संग्रह अमीन को 5 हजार रुपए के साथ सहजनवा रेलवे स्टेशन के पास एक चाय की दुकान पर बुलाया। जैसे ही संग्रह अमीन प्रधान सहायक ने 5 हजार रुपया लिया। उसे घेर लिया और उसके जेब से 5 हजार रुपया बरामद कर गीडा थाने ले गई और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# समाधान दिवस पर उच्च अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद के खागा तहसील सभागार अंतर्गत समाधान दिवस आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने आम जनमानस की समस्याओं को गहराई से संज्ञान में लिया संपूर्ण समाधान दिवस अंतर्गत पेंशन स्वास्थ्य कृषि विकास राजस्व एवं प्रशासनिक विभाग की कल 97 शिकायतें प्रस्तुत की गई जिसके सापेक्ष उच्च अधिकारियों ने पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया वहीं अन्य 92 शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी पीड़ितों के मामलों को समय रहते निष्पक्ष रूप से पारदर्शिता दिखाते हुए निस्तारण किया जाए वही भूमि संबंधी निस्तारण के लिए राजस्व विभाग एवं प्रशासन को आपस में तालमेल बनाकर निस्तारण करने के लिए उच्च अधिकारियों ने निर्देशित किया इस मौके पर जनपद के उप जिला अधिकारी खागा नंद प्रकाश मौर्य पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नायब तहसीलदार समेत सभी विभागों के संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा।

# पीएससी प्रभारी का बोर्ड लगा चिकित्सा चल रहा अवैध क्लिनिक

**आर बी एस के में तैनात संविदा कर्मी डॉक्टर होम्योपैथिक क्लिनिक चलाते हुए अपने को घोषित कर रहा पीएससी चिकित्सा अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार के ढीले रवैया के कारण जनपद के स्वास्थ्य विभाग में जगह-जगह भ्रष्टाचार फैल चुका है अधिकतर मामलों को नजर अंदाज करने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी की आंखों पर पट्टी बांधकर अनेक क्षेत्रों में अस्पतालों के चिकित्सक निजी क्लीनिक के रूप में अपनी-अपनी दुकान खोल कर बैठे हुए हैं परंतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी की नजर अभी तक नहीं पड़ी जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत खजुआ कस्बे में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरबीएसके चिकित्सक डॉ अनिल वर्मा ने स्वयं का क्लीनिक वर्षों से खोल रखा है जहां क्लीनिक के बाहर लगे बोर्ड में स्पष्ट रूप से पीएचसी चिकित्सा अधिकारी भी लिखा हुआ पाया गया जो पूर्ण रूप से अवैध है वही खजुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत एक चिकित्सक ने जहानाबाद तथा अमौली कस्बे में भी अपना निजी अस्पताल वर्षों से खोल रखा है हैरत अंगेज बात यह है कि जब सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक स्वंय की निजी दुकान खोलकर बैठ जाएंगे तो स्वास्थ्य विभाग तथा सरकारी अस्पतालों में मरीजों का उपचार सुचार रूप से कैसे सुनिश्चित हो सकता है अनेको अस्पताल आज भी ऐसी स्थिति में है जहां ना तो अस्पताल खुलने का आज तक समय निश्चित हुआ और ना ही चिकित्सक आदि के पहुंचने का भी समय कभी सही मिला जनपद के जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत देवमई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैसौली में कार्यरत फार्मासिस्ट की खबरें निरंतर प्रकाशित होती रही इसके बाद भी राजनीतिक अखाड़े के दबाव में आते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लापरवाह फार्मासिस्ट के ऊपर अभी तक अंकुश लगाना मुनासिब नहीं समझा जबकि क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि फार्मासिस्ट अस्पताल में महीने में शायद 5 दिन ही मौजूद रहता है ऐसे लापरवाह चिकित्सक तथा अपने को चिकित्सा अधिकारी घोषित करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ विभाग को गंभीर कार्रवाई करनी चाहिए देखना यह है की मुख्य चिकित्सा अधिकारी समाज पर भ्रष्टाचार फैलाने वाले ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ अपनी नजर कब तक डालना मुनासिब नहीं समझेंगे

# सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन

- भाजपा महिला मोर्चा ने महिला साहित्यकारों और कवित्रियों को किया सम्मानित, पुष्पा सिंह बोली–हमारा सोनभद्र किसी से कम नहीं

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश द्वारा सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिला साहित्यकार, पत्रकार एवं कवित्रियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों के चेहरे पर मुस्कान दिखी। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र की अध्यक्ष पूनम सिंह एडवोकेट, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिंह, जिला महामंत्री प्रमिला त्रिपाठी (गुड़िया), अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री (महिला) ज्योति सिंह ने सामूहिक रूप से साहित्यकार प्रतिभा देवी, पत्रकार चिंता पांडे, कवित्री कौशल्या कुमारी चौहान, दिव्या राय, जयश्री राय, अलका केसरी, सरोज कुमारी एडवोकेट, तृप्ति केसरवानी को अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सोनभद्र बार एसोसिएशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि सोनभद्र जनपद साहित्य, कला, संस्कृति की उर्वरा भूमि रही है, यहां की मिट्टी ने महिला, साहित्यकारों, कवित्रियों और पत्रकारों को जन्म दिया। यह सोनभद्र जनपद के लिए गौरव की बात है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं, जो हम महिलाओं की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने महिला साहित्यकारों, पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारी सोनभद्र जनपद की बहनों ने काव्य पाठ एवं साहित्यिक व्याख्यान के माध्यम से यह साबित कर दिया कि हमारा सोनभद्र जनपद किसी से कम नहीं है।

# विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक, छात्र–छात्राओं ने ली मतदान की शपथ

अमन लेखनी समाचार




जफराबाद, जौनपुर के जफराबाद स्थित जलालपुर थाना क्षेत्र के कुटीर पीजी कालेज में विद्यार्थियों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को मतदान के लिए जागरूक और वोट करने की अपील की। हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्ती लेकर विद्यार्थी गांव-गांव पहुंचे। इस दौरान 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का नारा लगाया। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने खालिसपुर खुर्द, भहड़ेरी, सहित अन्य गांवों में घूम-घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। वहीं 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाताओं को सूची में अपना नाम जुड़वाकर लोकतंत्र की मजबूती में सहभागी बनने एवं अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की तरफ से जिन इलाकों में मतदान काम हुआ था वहां के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र प्रताप मिश्रा ने लोगों से अपील की जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है।

# मेरठ में ड्राइवर से 13 हजार लूटे

- बाइक पर आए 3 बदमाशों ने गाड़ी रुकवाई, फिर तमंचा सिर पर मारकर रुपए लूट लिए

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के परतापुर में मोबाइल और नकद लूट लिया गया। घटना बीआईटी कॉलेज के सामने की है। अब पीड़ित के आरोप है कि पुलिस में शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित नईम गाजी नाम का आरोप है कि जब वह अपना छोटा हाथी लेकर जा रहा था। तभी एक बाइक पर 3 नकाबपोश बदमाश आए। हाथ का इशारा करके छोटा हाथी को रोका। फिर गाली-गलौच करके तमंचा उसके सिर पर मार दिया। उससे लगभग13 हजार रुपए लूट लिए। फिर मौके से फरार हो गए। इसके बाद एक राहगीर की मदद से पीड़ित अस्पताल पहुंचा। इलाज कराने के बाद परतापुर थाने पहुंचा। दूसरी घटना में बाइक सवार लुटेरों ने गन प्वाइंट पर 3 मोबाइल लूट लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी हैं। संगम गेस्ट हाउस के सामने घटना हुई। इटायरा निवासी कार्तिक पुत्र प्रेमपाल राणा बाइक से कैलाश प्रकाश स्टेडियम से गांव जा रहा था तभी बाइक सवार लूटेरों ने उसको गनप्वाइंट पर लेकर मोबाइल लूट लिया। दूसरी घटना शताब्दीनगर सैक्टर 4 सी के पास हुई जहां भल्ला इंटरनेशनल में काम करने वाले दीपक कुमार पुत्र सुनील कुमार से बाइक सवार लूटेरों ने मोबाइल लूट लिया। तीसरी घटना घाट चौकी क्षेत्र में हुई जहां बाइक सवार लूटेरों ने शंकरनगर निवासी गार्ड रिंकू से मोबाइल लूट लिया।

# साइबर सेल की टीम ने खोया हुआ मोबाइल किया बरामद



अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा ,झांसी। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में प्रदेश के समस्त थानों में 'साइबर सेल' का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में गरौठा सर्किल के थाना ककरवई में भी साइबर सेल का शुभारंभ किया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर साइबर सेल में एक टीम का गठन किया गया जिसमें उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह को टीम प्रभारी व कांस्टेबल सुनील कुमार, आशीष यादव व महिला कांस्टेबल आरती पाल को साइबर सेल कर्मी नियुक्त गया। थाना अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा के निर्देशन पर उक्त साइबर सेल टीम द्वारा भारत सरकार के संचार मंत्रालय पोर्टल के माध्यम से थाना क्षेत्र अंतर्गत खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी के बारे में जानकारी एकत्रित की गई। जानकारी के आधार पर प्रकाश कुमार पुत्र ऊधौप्रसाद निवासी ग्राम खरवाच थाना ककरवई का 10000/- रुपए कीमत का खोया हुआ मोबाइल बरामद करते हुए मोबाइल स्वामी को वापिस दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व में खोए हुए अन्य मोबाइलों की बरामदगी की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया जोरदार हमला

अमन लेखनी समाचार

बांदा। शनिवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालू दुबे की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने उत्तर प्रदेश की वर्तमान कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति की ओर अवगत कराते हुए कहा कि दुखद एवं दयनीय है। मिलक थाना अंतर्गत जनपद रामपुर के सिलाईबारा गांव में एक दलित छात्र जो परीक्षा देकर घर लौट रहा था की पुलिस ने गोली मारकर दुखद हत्या कर दी, बच्चे का नाम सुमेश है। पुलिस ने साक्ष्य मिटाने के लिए आननद्दफानन लाश का अंतिम संस्कार भी हाथरस



कांड की तरह कर दिया।

प्रधानमंत्री के क्षेत्र में आईआईटीबीएचयू कैंपस में दुखद गैंगरेप किया गया ।इसी प्रकार कानपुर में दरिंदों ने दो बहनों का अश्लील वीडियो बनाकर गैंगरेप किया व मारकर शवों को पेड़ में लटका दिया ।रक्षक ही अब भक्षक बन गए हैं, रामपुर का कांड यह बताता है ।चिंता का विषय है उत्तर प्रदेश सबसे खतरनाक राज्य बन रहा है जहां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है, कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है, सरकार पंगु एवं लाचार है ।योगीराज में अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है दिसंबर 2023 में लखनऊ में चलती कार में अधिकारी की बेटी के साथ गैंगरेप की घटना शर्मसार करती है ।नवंबर 2023 में आगरा के होम स्टे होटल में गैंगरेप किया गया, वीडियो वायरल हुआ था, महिला किस तरह सीख रही थी, गुहार लगा रही थी ।राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं पर हुए अत्याचार अपराध की 28811 लगभग घटनाएं हाल ही में हुई, जिसने 50प्रतिशत से अधिक मामले उत्तर प्रदेश के हैं ।आखिर महिलाओं पर जुल्म अत्याचार जो हो रहे हैं चाहे वह हाथरस कांड ही क्यूं ना हो इसके जिम्मेदार कौन हैं। डबल इंजन वाली सरकार ही इसके लिए जिम्मेदार है। यह रिकॉर्ड तोड़ने वाले अपराध हैं और मौजूदा उत्तर प्रदेश की सरकार डींग हाक रही है। पूरा उत्तर प्रदेश अपराधों की आग में धू-धू कर जल रहा है। इस स्थिति को मान्यवर आप देखें एवं इस दुस्साहस पर रोक लगाएं।

# घटिया ईट और मसाले से बाउंड्रीवाल का हो रहा निर्माण

### प्रशासन से जांच करते हुए कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

कमासिन/बांदा। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मऊ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुरेहा पुरवा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु शिक्षक अभिभावक समिति के संयुक्त खाते में भेजी गई धनराशि 4 लाख 42 हजार रुपए से घटिया ईट सहित मानक के विपरीत बालू सीमेंट के मिश्रण से गुणवत्ता विहीन दीवाल का निर्माण कराया जा रहा है ।उक्त जानकारी कुरेहा के ग्रामीण कमतू, जगतपाल, सनेइहा, कमलेश, राजाराम ने देते हुए शीघ्र जांच कराए जाने की मांग की है।

ज्ञात हो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा स्तर के सुधार एवं विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, स्कूल बैग, जूता मोजा, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, मिड डे मिल बच्चों को उपलब्ध करा कर उत्तम व्यवस्था हेतु प्रयासरत हैं। वही विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक समिति का गठन विद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनाने, सुरक्षा व्यवस्था हेतु ,विभाग द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण कराए जाने हेतु धन उपलब्ध कराया गया है ।जिसका समुचित उपयोग नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि पुरानी बाउंड्री वाल की नींव के ऊपर डीपीसी डालकर तृतीय श्रेणी का ईट एवं आठ बोरी बालू एक बोरी सीमेंट का घटिया मिश्रण तैयार कर दीवाल बनाई जा रही, जो मानक के विपरीत और गुणवत्ता विहीन है ।प्रधानाध्यापक प्रदीप मिश्रा के अनुसार विद्यालय की सुरक्षा हेतु 120 मी बाउंड्री वाल का निर्माण 3500 रुपए प्रति मीटर की दर से स्वीकृत एस्टीमेट से 48 मीटर दीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। शेष 72 मीटर दीवाल बनाने में विवाद होने के कारण स्वीकृत धनराशि चार लाख 42 हजार में से शेष धन विभाग को वापस कर दिया जाएगा।

# एसडीएम और सीओ ने अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से ली जानकारी

पैलानी/बांदा। पैलानी तहसील अंतर्गत अति संवेदनशील बूथों पिपरहरी, निवाईच, खप्टिहाकला, अलोना में बने प्राथमिक माध्यमिक एवं इंटर कालेज में बने अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्र, व सी ओ सदर अजय कुमार सिंह ने किया वहीं इन गांवों में मौजूद हिस्ट्रीशीटरों पर स्थानीय पुलिस द्वारा नजर रखे जाने को लेकर अधिकारियों ने निर्देश दिया जिससे लोग भय मुक्त होकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर सके साथ ही साथ मतदाता सूची में छूट मतदाताओं को नाम जोड़े जाने को लेकर ऑनलाइन करा कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराये जाने को लेकर जानकारी दी गई। वही मतदाताओं को आगामी लोकसभा में डरा धमका कर किसी पार्टी विशेष के पक्ष पर मतदान कराए जाने को लेकर सतर्क रहने तथा स्थानीय पुलिस को सूचना दिए जाने को लेकर जानकारी दी गई वहीं इस दौरान ग्रामीणों में जुगल श्रीवास ,राजेश पांडे ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र निषाद ,जितेंद्र राठौर के अलावा थाना अध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल एवं स्थानीय पुलिस चैकी बल भी मौजूद रहा।

# सुबह से शाम तक लगातार हुई झमाझम बारिश किसानों का हुआ बुरा

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में दोपहर में एक घंटे के लगभग जोरदार बारिश हुई ।जिससे खेती की फसल कटाई का कार्य बंद हो गया। वही खेत में कटी हुई फसल पानी में भीग गई। मौसम में बदलाव आने से कृषि कार्य प्रभावित हुआ है। किसान ऐसे में परेशान दिखाई दे रहा है। पकी फसल समेटने के लिए किसान रात दिन एक किए हुए है।

दोपहर में एक बजे के बाद अचानक आसमान में छाए बादल गड़गड़ाने लगे ।तथा बरसात होने लगी। एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई। जिससे खेत में कटाई का कार्य बाधित हो गया। तथा खेतो में कटी पड़ी मटर की फसल भीग गई। जिससे फसल का नुकसान हुआ है। किसान राजूसिंह,उदय सिंह, बद्री सिंह, सुघर सिंह आदि ने बताया कि मटर की फसल की कटाई का कार्य शुरू हो गया है। तथा पकी फसल समेटने में किसान लगा हुआ है। अधिक बरसात होने से फसल सड़ने लगी है। किसी तरह किसान अपनी फसल को खेत से घर लाने का प्रयास में लगे हुए हैं ।लेकिन मौसम की मार से किसान बेहाल हो रहा है।

## पुरानी रंजिश में सगे भाइयों को पीटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने दो सगे भाइयों को लाठियो से पीटकर लहुलुहान कर दिया। छोटे भाई ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा कायम कराया है। सुरौली बुजुर्ग निवासी किशोर कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 7.30 बजे उसके भाई बलराम सिंह, प्रमोद सिंह घर के दरवाजे पर बैठे थे। तभी गांव निवासी अरुण सिंह, बालेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर तीनों ने लाठी डंडों से पीटकर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करके डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक कार्यः सांसद

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर की गई पत्रकार वार्ता

अमन लेखनी समाचार

बांदा। विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र के लिए जनसंपर्क गतिविधियों, डिजिटल माध्यम तथा प्रचार माध्यम से एक करोड़ से ज्यादा लोगों से उनके सुझाव एकत्रित करने के उद्देश्य को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल बताया कि विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव एकत्रित करने हेतु कोहोर्ट मिलन एवम्संवाद, घर घर जनसंपर्क, प्रकोष्ठों के कार्यक्रम तथा लाभार्थी संपर्क अभियान प्रमुख माध्यम होंगे। इसके लिए देशभर में 6000 से अधिक सुझाव पेटिका लगाई जाएगी। साथ साथ 500 फोकस लोकसभा में एल ई डी रथ छोटी सभाएं आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अकेली पार्टी है जो अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र मानकर काम करती है। पिछले सभी चुनावों में भाजपा ने जो वादे जनता से किए हैं उनको पूरा किया है। चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, धारा 370 हटाना हो या फिर तीन तलाक को रोकने का कानून या फिर विकास कार्य भाजपा की सरकारों ने सब संकल्प पूरे किए हैं। वीडियो वैन रथों के माध्यम से जनता से संवाद तथा ह्लविकसित भारत मोदी की गारंटीह्न सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को एकत्र जाएगा जो भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कार्य योजना तैयार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी एक मात्र दल है जो जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने संकल्प तय करता है और सरकार के माध्यम से जन आकांक्षाओं को पूरा करके अपना लेखा-जोखा लेकर लोक दरबार में पहुंचता है। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु के रूप में सांस्कृतिक, सामरिक, आर्थिक मजबूती के साथ विश्व को दिशा देने के लिए तैयार है। वीडियो वैन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद होगा और उनके सुझावों को समावेशित किया जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप, ट्यूटर, वॉइस मैसेज, आई वी आर के माध्यम से भी सुझाव एकत्र किए जाएंगे जो भाजपा के संकल्प पत्र को स्वरूप प्रदान करेंगे। डिजिटल माध्यमों में नरेंद्र मोदी ऐप तथा मोबाइल नंबर 9090902024 के माध्यम से भी लोग कॉल रिकार्ड करके अपने सुझाव भाजपा तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मिला है। जबकि आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान मिला है। जल जीवन मिशन से 14 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। आयुष्मान भारत योजना में 55 करोड़ निशुल्क उपचार मिला है।

# सड़क में गड्ढा होने के कारण भरा बरसात का पानी वाहनों के लिए मुसीबत

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा कुरारा से मनकी गांव होकर मूसा नगर तक जाने वाली सड़क में गड्ढा होने से बरसात का पानी भर जाने से वाहनों के आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।वही कस्बा के नगर पंचायत के आगे भोली स्टैंड तक तथा रिठारी रोड से बेरी जाने वाले रास्ते में गड्ढे होने से सड़क में जलभराव होने से वाहनों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहनों के फिसलने सेलोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

कस्बा कुरारा से मनकी गांव से होकर यमुना पुल पार कर जनपद कानपुर के मूसानगर कस्बे को जोड़ने वाली पक्की सड़क खराब होने से दो पहिया वाहनों व चार पहिया वाहनों को आवागमन में व्यापक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मनकी खुर्द प्रधान धर्मेंद्र कुमार, शिवनी प्रधान शान मोहम्मद, आदि ने बताया कि इस सड़क के खराब होने से दोनो तरफ सड़क में पानी भर जाता है। जिससे मिट्टी सड़क में आ जाती है ।तथा दो पहिया वाहनों के फिसलने का भय बना रहता है। सिंगल लेन सड़क होने के कारण शाम ढलने के बाद परेशानी का सामना करना पड़ता है ।इस सड़क से मनकी खुर्द, मनकी कला, उमराहट, हरौलीपुर, मिश्री पुर, शिवनी, कुतुबपुर, पछखुरा,बरुआ, बिलौटा आदि गांव के ग्रामीणों का आवागमन कस्बा कुरारा में होता है। इसके अलावा मूसा नगर जाने आने वाले यात्रियों का आवागमन रहता हैं। लेकिन सड़क गड्ढा में तब्दील होने से लोग परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क चौड़ी करण कराए जाने की मांग की है।

कस्बा के नगर पंचायत के सामने से भोली स्टैंड तक बनी सड़क में गड्ढे होने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रिठारी रोड से बेरी गांव जाने वाली सड़क में गड्ढे होने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस से कस्बा के वार्ड 9 में बेरी जाने वाली सड़क में जलभराव हो रहा है।

# समाधान दिवस में आई 43 शिकायतों में महज एक का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए करीब चार दर्जन फरियादी मामलों में मात्र एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। जिससे फरियादियों में मायूसी दिखाई दी। मौदहा नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिला अधिकारी राजेश चंद्रा ने की। इस मौके पर आए 43 फरियादी मामलों में केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इसके अलावा आवास, पेंशन व अन्य मामलों को लेकर फरियादियों ने उप जिला अधिकारी के समक्ष रखकर न्याय की गुहार लगाई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी समेत क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानों ने ब्लॉक प्रमुख को किया सम्मानित

भरुआ, सुमेरपुर। भाजपा में शामिल होने के उपरांत शनिवार को पहली बार ब्लॉक कार्यालय आए ब्लॉक प्रमुख को ग्राम प्रधानों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। सपा के इकलौते ब्लॉक प्रमुख सपा का दामन छोड़कर फरवरी माह में भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद वह शनिवार को पहली बार ब्लॉक कार्यालय आए। यहां पर नदेहरा प्रधान उदयभान सिंह यादव, बिरखेरा प्रधान अशोक यादव, मिहुना प्रधान प्रतिनिधि बबलू यादव, पूर्व प्रधान अरुण सोनकर, विदोखर पुरई प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, बिलहडी प्रधान जयनारायण विश्वकर्मा, देवगांव प्रधान जितेंद्र खरे आदि ने गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

# छात्र अपनी इच्छा शक्ति दृढता से जगायेः अयोध्या सिंह पटेल

### ललितपुर में मत्स्य महाविद्यालय कि स्थापना हेतु प्रयासरत है : कुलपति

अमन लेखनी समाचार

बांदा। सभी जीवो में मनुष्य ही बुद्वजीवी है, इसलिये उचित अनुचित का निर्णय कर सकता है। भारत वर्ष के लगभग 65 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र भी कृषि प्रधान बन सके जिससे इस क्षेत्र से पिछडा होने का दाग खत्म हो जाये, इसके लिये हम सभी को प्रयास करना होगा। बुन्देलखण्ड क्षेत्र पिछडा क्षेत्र है इस हीन भवना को भी त्यागना होगा। व्यक्ति के अन्दर की प्रेरणा ही आगे बढाती है इसे हमे भलीभाति समझता होगा। यहा अध्यनरत छात्र अपनी इच्छा शक्ति से दृढ निश्चय करे कि उन्हे समाज ओर देश के लिये कुछ अच्छा करना है। छात्र अनुशासासित प्रेरणा को अपने अन्दर लाये जिससे उन्हे किसी और से प्रेरणा कि आवश्यकता न पडे। हमने प्रदर्शनी में यह देखा कि अलसी में सुर्ख गुलाबी रंग का पुष्प आया है जो बहुत मनमोहक हैं । विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कि सभी को शुभकामनायें। ऐसे उत्सव मे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रो को भी आमत्रित किये जाने हेतु मै विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय को सलाह देता हू। यह वक्तव्य बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा के 14वे स्थापना दिवस पर बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के मा0 अध्यक्ष श्री अयोध्या सिंह पटेल जी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। कल कार्यक्रम के दुसरे दिन प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 सूर्य प्रताप शाही का आगमन होगा साथ ही विश्वविद्यालय में स्थापित कई ईकाईयो का उद्घाटन किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 नरेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि दलहन बुन्देलखण्ड कि विरासत है, महोबा में दलहन केन्द्र था परन्तु अब नही है। इसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय में शोध को पुनः परिभाषित किया गया। वर्तमान में विश्वविद्यालय में चार महाविद्यालय संचालित है अगले वर्ष से तीन और महाविद्यालय पशुपालन एवं पशुचिकित्सा, कृषि अभियत्रिकी व खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अध्ययन शुरू करने का प्रस्ताव है। ललितपुर जिले में वहा कि भौगौलिक स्थिति व संसाधन को देखते हुये एक मत्स्य महाविद्यालय स्थापित करने हेतु शासन स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में लगभग 1250 छात्र छात्राये अध्ययरत है। विश्वविद्यालय में कई तकनिकी के मॉडल विकसित किये गये है, जिससे किसान लाभान्वित हो रहे है।

# दबंगों से पीड़ित अधेड़ महिला ने लगाई न्याय की फरियाद

अमन लेखनी समाचार

अतर्रा/बांदा। साहब में गरीब हूं लाचार हूं मुझे न्याय कौन देगा भटक रही हूं शब्दों के साथ एक अधेड़ उम्र की महिला ने तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जब कांपते हुए पैरों एक छड़ी के सहारे पहुंची और दबंगों द्वारा 18 लाख का चेक देकर संपूर्ण जमीन का बैनामा कर लेने के बाद एक सिक्का हाथ न मिलने की कहानी बताई तो अधिकारियों के होश उड़ गए। उपजिला अधिकारी रविंद्र सिंह वी क्षेत्राधिकार राजीव प्रताप सिंह ने तत्काल मामले को संज्ञान लेकर महिला को न्याय का भरोसा दिया।

वैसे तो तहसील दिवस में पानी बिजली पेंशन की समस्याओं को लेकर फरियादियों की भीड़ जमा ही रहती है लेकिन शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उस समय अधिकारियों के नीचे से जमीन खिसक गई जब लगभग 80 वर्ष की महिला हाथ में एक डंडा लिए पैर कांपते हुए धीरे-धीरे डंडे के सहारे यह कहते हुए पहुंची की साहब मैं लाचार हूं दबंगों ने 18 लाख का चेक देकर मेरी संपूर्ण जमीन का बैनामा करा लिया बैंक में चेक खाता में लगाने पर एक भी सिक्का नहीं मिला लगभग 3 वर्ष से न्याय के लिए भटक रही हूं यह महिला कहीं और कि नहीं बल्कि अतर्रा थाना अंतर्गत ग्राम महोत्रा निवासी भग्गू पत्नी इंद्रपाल थी जिसेने अपनी आपबीती बताई तो अधिकारियों के पैरों से जमीन खिसक गई उसने बताया की उसने अपनी भूमि गट नंबर 33 रकबा 2,1040 का विक्रय लगभग 3 वर्ष पहले प्रतापगढ़ के रहने वाले सोना प्रकाश को गांव के ही कुछ लोगों के कहने पर विक्रय किया था जमीन के विक्रय पर 18 लाख का पंजाब नेशनल बैंक का चेक दिया जब मैं खाते में लगाया तो खाते में बैलेंस न होने के कारण ?1 नहीं मिला तभी से भटक रही हूं जमीन भी चली गई लेकिन मेरी कोई सुनने वाला नहीं है उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह क्षेत्राधिकार राजीव प्रताप सिंह ने महिला की करूं आवाज सुनकर उन्हें आभास हुआ कि इस महिला के साथ अन्याय हुआ है उन्होंने तत्काल वृद्ध महिला के समस्त कागजातों का अवलोकन किया और क्षेत्राधिकार राजीव प्रताप सिंह सीधा थाना अध्यक्ष पंकज सिंह को निर्देशित किया कि मामले की तत्काल जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करें कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि मामला फ्राड का दिख रहा है सबसे पहले मुकदमा दर्ज किया जाएगा इसके बाद महिला को न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा,झांसी। माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) झांसी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी गरौठा श्वेता साहू ने समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। समाधान दिवस में राजस्व के 15 पुलिस के 5 आपूर्ति का 1 तथा अन्य विभागों से संबंधित 6 प्रार्थना पत्रों सहित कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से किसी भी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। अपर जिला अधिकारी ने



प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार घनश्याम, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, रहीम खान, कोतवाली निरीक्षक गरौठा वेद प्रकाश पांडे, थाना अध्यक्ष ककरवई कौशल किशोर मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा से डॉक्टर राहुल गुप्ता, डॉक्टर विवेक कुमार सोनी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# समाधान दिवस की शिकायतों का प्राथमिक पर करें निस्तारणः डीएम

### नरैनी तहसील में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांदा। जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में कुल 39 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग 21, पुलिस 08, आपूर्ति 05. जल निगम 02. विद्युत 01 व अन्य विभागों से सम्बन्धित 02 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने ग्राम स्योढा निवासी सीताराम ने दबंगो द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नरैनी को टीम भेजकर जांच कराये जाने तथा अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश दिये। थाना गिरवां निवासी गायत्री तिवारी द्वारा उसके भाई द्वारा उसकी भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। किदवई नगर निवासी मे नईम ने नगर पंचायत नरैनी द्वारा हाउस टैक्स के निर्धारण के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के आवेदन करने पर ई०ओ० नगर पालिका को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# मॉडल शाप व जन सुविधा केंद्र का हुआ भव्य लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के बिदोखर मेंदनी में शनिवार को गांव में नवनिर्मित मॉडल शाप (अन्नपूर्णा भवन) एवं जन सुविधा केंद्र का लोकार्पण सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने फीता काट कर किया। सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे कार्य किये जा रहे है कि बिचौलिये जनता का हिस्सा न ले सकें। इसका लाभ सीधे जनता को पहुंचे और जनता के सारे काम आन लाइन ग्राम पंचायत से होंगे। इस मौके पर सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनता बाहर न जाकर इस सुविधा केंद्र से लाभ ले। इस मौके पर मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में एसडीएम पवन प्रकाश पाठक, ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार, डीएसओ ब्रजेश कुमार शुक्ला, एपीओ विकास चंद्र, एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, ग्राम पंचायत सचिव सोनाली सचान, अनामिका पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती शुक्ला, सुधेश द्विवेदी, श्याम नारायण मिश्रा, ग्राम प्रधान लालाराम यादव, सुन्दरलाल प्रजापति, रामखिलावन श्रीवास पलरा, जयनरायण विश्वकर्मा बिलहडी, उचित दर विक्रेता मधु गुप्ता सहित क्षेत्र के कोटेदार व ग्रामवासी मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## ऐ वतन मेरे वतन' में दिखा अनदेखा रूप



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की इस साल की सबसे बड़ी फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। उनकी बैक-टू-बैक दो फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार हैं। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर 'ऐ वतन मेरे वतन' पर एक अपडेट पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि फिल्म का ट्रेलर 4 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में सारा के लुक की झलक के साथ काफी कुछ बेहतरीन तरीके से दिखाई दे रहा है। वीडियो में करण जौहर ने फिल्म में भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। उसकी प्रेरक कहानी को बताते हुए करण जौहर कुछ हीरोज के उदाहरण भी देते हैं और कहते हैं, शेरशाह' के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और 'राजी' से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना परिवार में शादी की। 21 मार्च को इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

## रिहाना ने अंबानी फैमिली से एक परफॉर्मेंस के लिए चार्ज की तगड़ी रकम



**मुंबई।** भारत के बड़े बिजनसमैन मुकेश अंबानी अपने ग्रैंड इवेंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं अब उनके छोटे बेटे अनंत अंबानी अपने प्यार राधिका मर्चेंट के साथ शादी रचाने वाले हैं। ऐसे में मुकेश अंबानी और नीता अंबानी अपने घर छोटी बहू के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। प्री-वेडिंग फंक्शन 1 से लेकर 3 मार्च तक चलेगा। इस प्री-वेडिंग फंक्शन में देश-विदेश के कई बड़े लोग शामिल होंगे। छोटे बेटे के प्री-वेडिंग फंक्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय सिंगर रिहाना को बुलाया गया है, जिनके जलवे से पूरी दुनिया वाकिफ है। रिहाना से पहले ही अंबानी के फंक्शन में उनका समान पहुंचा था, जिसे लेकर खूब चर्चा हुई थी। वहीं सिंगर भी जामनगर पहुंच गईं। प्री-वेडिंग फंक्शन में रिहाना जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाली हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में परफॉर्म करने के लिए रिहाना की फीस चौंकाने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिहाना ने अंबानी के इवेंट के लिए 52 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं। अगर हिसाब लगाया जाए तो इस बार में मध्यमवर्गीय परिवारों की करीब 500 शादियां 10 लाख रुपए खर्च की होंगी।

### हॉलीवुड मसाला

## चर्च के बाहर स्पॉट हुए जस्टिन



**लॉस एंजेलिस।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बाल्डविन बीबर हॉलीवुड इंडस्ट्री के चर्चित कपल्स में से एक हैं। दोनों को अक्सर साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा जाता है। वहीं बीते दिनों हैली के पिता स्टीफन बाल्डविन ने फैंस को चिंतित कर दिया है क्योंकि उन्होंने हैली बाल्डविन और उनके पति जस्टिन बीबर के लिए सार्वजनिक प्रार्थना का अनुरोध किया था। उन्होंने ये सब कुछ क्यों कहा इसका कोई कारण नहीं बताया हालांकि फैंस जरूर परेशान कर दिए थे।

## श्वेता के सोशल मीडिया में ५२ लाख फॉलोअर्स



**मुंबई ।** हाल ही में वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' में नजर आने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने एक फोटोशूट करवाया है। उन्होंने अपने फैंस के लिए अपने एथनिक लुक की एक झलक शेयर की। 'कसौटी जिंदगी की' फेम एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी प्रोफेशनल और निजी लाइफ के बारे में चीजें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 52 लाख फॉलोअर्स हैं। नए फोटोशूट में श्वेता ने गुलाबी रंग का अनारकली सेट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। भारी सुनहरे कढ़ाई वाले सूट पर मैचिंग दुपट्टा और भी खिल रहा है। मेकअप में वह पूरी तरह से आकर्षक लग रही हैं। ज्वैलरी के लिए उन्होंने भारी झुमके ही चुने। रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' में वह विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका में हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं।



## ऋचा ने की भंसाली की प्रशंसा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिर्फ भंसाली ही एक्ट्रेस को 30 किलो के कॉस्ट्यूम में आठ राउंड लगवा सकते हैं। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने भंसाली के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली जैसा कोई और नहीं है, जो आपको 30 किलो के कॉस्ट्यूम में 8 राउंड लगवा सकता है। क्लोज-अप शॉट के लिए आपकी बाईं आंख से आंसू निकलवा सकता है। जब तक आप संजय लीला भंसाली के साथ काम नहीं करेंगे तब तक आपको अपनी असली क्षमता का पता नहीं चलेगा। अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं।



## दिलजीत ने करीना से कहा तेरा नी मैं लवर

**मुंबई।** हिंदी और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर दिलजीत दोसांझ ने बॉलीवुड दिवा करीना कपूर खान के साथ एक रोमांटिक फोटो शेयर की है। दिलजीत ने सोशल मीडिया पर करीना के प्रति अपना प्यार जाहिर किया है। करीना के साथ 'क्रू' में नजर आने वाले एक्टर दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग मूवी से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीर फिल्म के गाने 'नैना' से है, जिसे राजेश कृष्णन ने निर्देशित किया है। दिलजीत ने पोस्ट को कैप्शन दिया, तेरा नी मैं लवर। दिलजीत दोसांझ और करीना पहले भी फिल्म 'गुड न्यूज' में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म में तब्बू, कृति सेनन और कपिल शर्मा भी हैं। 'क्रू' का ऑफिशियल टीजर हाल ही में सामने आया था। फिल्म 'क्रू' की कहानी तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करती हैं।

### टीवी मसाला

## मनीषा ने जीता झलक दिखला जा सीजन 11 का खिताब



**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीषा रानी एक बार फिर चर्चा में हैं। बिहार की जिंदादिल मनीषा रानी ने झलक दिखला जा सीजन 11 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उनकी जीत बेहद खास है क्योंकि वाइल्ड कार्ड एंट्री होने के बावजूद उन्होंने ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया है। झलक दिखला जा में अब तक कोई भी ऐसा प्रतियोगी नहीं जीता है, जिसने शो के बीच में वाइल्ड कार्ड के तौर पर हिस्सा लिया हो। झलक दिखला जा 11 का फिनाले हाल ही में मुंबई में शूट किया गया। इस दौरान शो में फिल्म और टीवी जगत के कई बड़े सितारों ने शिरकत की। झलक दिखला जा 11 में शोएब मलिक, मनीषा रानी और अद्रिजा सिन्हा ने टॉप 3 पोजीशन बनाईं। रिपोर्ट के मुताबिक, मनीषा रानी ने कठिन डांस कॉम्पिटिशन जीता और विजेता बनीं। झलक दिखला जा 11 का फिनाले खत्म होने के बाद अब मनीषा रानी की ट्रॉफी के साथ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। झलक के मंच पर एक्ट्रेस ने अपनी जीत का जमकर जश्न मनाया। मनीषा के फैंस उनकी जीत से बेहद खुश हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दे रहे हैं।

### *मनीषा की बिग बॉस जर्नी*

*मनीषा रानी अपनी जुबान के लिए फैंस के बीच काफी पॉपुलर हैं और कमाल की कॉमिक टाइमिंग उनकी खासियत है। यही वजह थी कि झलक दिखला जा 11 की टीआरपी बढ़ाने के लिए उन्हें वाइल्ड कार्ड एंट्री के तौर पर शो में बुलाया गया था। झलक से पहले मनीषा रानी ने बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में हिस्सा लिया था। वहां भी उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था उसकी मस्ती और चुटकुले। कई लोकप्रिय प्रतियोगी होने के बावजूद, मनीषा रानी ने बिग बॉस ओटीटी 2 के शीर्ष 3 में अपनी जगह बनाई।*

## 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का टीजर आउट



**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की सुपरहिट फिल्म 'हसीन दिलरुबा' का सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का टीजर आ गया है। तापसी पन्नू और विक्रांत मेसी स्टारर इस रोमांटिक थ्रिलर के पहले पार्ट ने लोगों को अपनी दीवाना बना दिया था। जब से फिल्म के दूसरे पार्ट का ऐलान हुआ था, तब से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में मेकर्स ने अब फिल्म की पहली झलक दिखाकर फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। छोटे से ही 52 सेकंड के टीजर में तापसी और विक्रांत के साथ सनी कौशल की धमाकेदार झलक देखने को मिली है। विक्रांत मेसी और तापसी पन्नू 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म के टीजर से ही साफ हो गया है कि फिल्म पहले पार्ट के क्लाइमेक्स से ही शुरू होने वाली है। इसका मतलब साफ है कि रिशू और रानी के राज से पर्दा अब उठने वाला है। टीजर के सीन में

## निर्देशक बनने जा रहा है कुणाल



**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करिअर शुरू किया था। बाद में वे कई फिल्मों में लीड एक्टर के रूप में भी नजर आए हैं। अब वे खुद को डायरेक्शन में भी आजमाने जा रहे हैं। वे 'मडगांव एक्सप्रेस' नाम की फिल्म से अपना डायरेक्शन डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी अहम रोल में नजर आएंगे। अब मेकर्स ने अपनी फिल्म के इन तीनों एक्टर्स का इंट्रोडक्शन वीडियो जारी किया है। इसमें दिव्येंदु जैसे सभी के प्यारे मुन्ना भाई, अविनाश जैसे डेयरिंग दारा और प्रतीक गांधी जैसे कैरिजमेटिक हर्षद मेहता के कैरेक्टर को दिखाया गया है।

## 'दो पत्ती' में काजोल और कृति आईं आमने-सामने






**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'दो पत्ती' में काजोल और कृति एक साथ नजर आने वाली है। फिल्म के टीजर में दोनों एक्ट्रेस का दमदार अभिनय देखने को मिल रहा है। इस "इमोशनल थ्रिलर" फिल्म का टीजर गुरुवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में मेहबूब स्टूडियो में नेटफ्लिक्स के एक इवेंट में जारी किया गया। टीजर की शुरुआत में ऊपर से खूबसूरत मनाली का मंजर है। फिर काजोल को बाइक चलाते दिखाय गया है। वह इसमें एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही है। पूरे टीजर में वॉइसओवर में वह जीवन में गलत और सही स्थितियों के बारे में बात करती दिखाई दे रही हैं। टीजर से यह पता लगाना मुश्किल है कि फिल्म की कहानी क्या है, लेकिन देखने से यह थ्रिलर मूवी लग रही है।


## किशोर कुमार ने मना कर दिया था प्राण पर फिल्माए जाने वाले गाने को

हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय खलनायक प्राण ने अपने कैरियर की शुरुआत में नायक की भूमिकाएं की थीं, किंतु उन्हें हीरोइन के साथ पेड़ों के इर्द-गिर्द नाचने-गाने में बेहद झिझक होती थी। इससे बचने का तब उन्हें एक ही तरीका सूझा और वह था खलनायक बन जाना, लेकिन गीतों से इस तरह घबराने वाले प्राण के ऊपर हिंदी फिल्मों के कुछ सबसे लोकप्रिय और यादगार गीत फिल्माए गए हैं।



**मुंबई।** इनमें सबसे यादगार गीत है फिल्म उपकार (1967) का- कसमें वादे प्यार वफा सब बाते हैं बातों का क्या। यह फिल्म और यह गीत उनका जीवन बदलने वाला साबित हुआ। वे खलनायक से चरित्र अभिनेता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। इंदीवर द्वारा लिखे इस गीत को कल्याणजी-आनंद जी की जोड़ी ने संगीतबद्ध किया था। जब उन्हें यह पता चला कि यह गीत फिल्म में लंगड़े मलंग चाचा का किरदार कर रहे प्राण पर फिल्माया जाएगा तो उन्होंने मनोज कुमार जो कि फिल्म के निर्माता निर्देशक थे से इसे किसी और पर फिल्माने का अनुरोध किया, लेकिन मनोज कुमार नहीं माने। किशोर कुमार ने जब सुना यह प्राण पर फिल्माया जाएगा तो उन्होंने भी इसे गाने से मना कर दिया, यहां तक कि प्राण के स्वयं कहने पर भी वे तैयार नहीं हुए। अंत में यह गाना मन्नाडे से गवाया गया और उन्होंने इसे ऐसे भाव-विभोर होकर गाया कि यह गीत उनके 'अमर गीतों' में शामिल हो गया।

## 'लुका छुपी' ने दी नई पहचान



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म 'लुका छुपी' ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनकी यह फिल्म 2018 में उनकी ब्लॉकबस्टर 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उन्हें पहचान दी। पोस्ट में कार्तिक ने 'लुका छुपी' का एक सीन शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'लुका छुपी' ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' के ठीक बाद रिलीज हुई, इसने मुझे पहचान दी। लुका छुपी की पूरी टीम और दर्शकों का धन्यवाद।' फिल्म में एक्ट्रेस कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी कार्तिक के किरदार गुड्डु के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिपोर्टर है। उसे रश्मी से प्यार हो जाता है और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगते हैं। इन दिनों कार्तिक के पास कई फिल्में हैं। उनके पास कबीर खान की 'चंदू चैंपियन', 'भूल भुलैया 3', 'आशिकी 3' और कई अन्य प्रोजेक्ट हैं।